


## लोहिया अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट, मरीजों में दहशत

**लखनऊः** लोहिया अस्पताल के मेडिसिन वार्ड में ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट होने का मामला सामने आया है। इस धमाके से मरीजों में दहशत फैल गई और वे इधर-उधर भागने लगे। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में सोमवार सुबह कर्मचारी ऑक्सीजन रेगुलेटर हटाकर वेंटिलेटर नॉब लगा रहा था। इस दौरान अचानक से धमाका हुआ। इससे वार्ड में भर्ती मरीजों व तीमारदारों में अफरा-तफरी मच गई। धमाके से अस्पताल ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर तक ब्लास्ट का झटका महसूस किया गया। असपताल प्रशासन द्वारा बिल्डिंग को तुरंत खाली कराया गया। अस्पताल में आए मरीज संतोष कुमार के अनुसार धमाके के समय वे ग्राउंड फ्लोर पर डॉक्टर को दिखाने के लिए पहुंचे थे। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर तक तेज आवाज सुनाई दी। इसकी वजह से नीचे ओपीडी में मरीजों में भी दहशत फैल गई। कई मरीज और तीमारदार बिल्डिंग से बाहर निकलने लगे। थोड़ी देर बाद धमाका शांत होने पर जांच की गई। लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन चंद तिवारी ने बताया कि ऑक्सीजन का रेगुलेटर हटाकर वेंटीलेटर का नॉब लगाना था। जब कर्मचारी नॉब लगा रहा था, उस समय प्रेशर की वजह से धमाका हो गया। राहत भरी बात यजह है कि इस मामले में किसी तरह की कोई जान हानि नहीं हुई है। वेंटीलेटर का नॉब लगने वाले कर्मचारी के हाथ में चोट लगी है। उसे तुरंत प्राथमिक इलाज दिया गया है।

## कफ सिरप की 4,800 बोतलें जब्त, छह तस्कर अरेस्ट

**मुंबईः** कफ सिरप की 4,800 बोतलें जब्त की गई हैं और छह तस्करों को भी अरेस्ट किया है। यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई जोनल यूनिट उल्हासनगर में 1.75 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध रूप से डायवर्टेड कोडीन सिरप की 4,800 बोतलें जब्त की हैं। एजेंसी ने गिरोह से कथित तौर पर जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार किया है और अपनी कार्रवाई के तहत उनके और साथियों की तलाश कर रही है। एनसीबी ने संदेह के आधार पर आरोपियों के पास से 1.18 लाख रुपये नकद भी जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि सूचना मिली थी कि उल्हासनगर स्थित एक गिरोह अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप की अंतर-राज्यीय तस्करी में सक्रिय रूप से शामिल है। टीम ने खेप को उल्हासनगर के एक कूरियर कार्यालय में ट्रैक किया था। ऑपरेशन में एक खेप को रोका गया, जिसमें 4,800 सीबीसीएस बोतलें थीं और इसके एक कथित रिसीवर विनोद पीको एजेंसी ने गिरफ्तार कर लिया। मोहनीश एस और सनी जे को एनसीबी ने भिवंडी में एक वाहन में यात्रा करते समय रोका। वाहन की तलाशी के दौरान, उसके अंदर रखे ट्रैवल बैग, ट्रॉली बैग और बोरियों से 75 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।




## कथित बलात्कार और हत्या के खिलाफ डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन से भारत के और अस्पताल प्रभावित

**कोलकाताः** अधिकारियों और मीडिया ने बताया कि पूर्वी शहर कोलकाता में 31 वर्षीय डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या के खिलाफ डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन के देशव्यापी प्रसार के बाद मंगलवार को कई भारतीय शहरों में अस्पताल सेवाएं बाधित रहीं। टेलीविजन पर दिखाई गई तस्वीरों में हजारों डॉक्टरों को सोमवार को सरकारी अस्पताल में हुई घटना के विरोध में मार्च करते हुए दिखाया गया, जिसमें पीड़िता के लिए न्याय और बेहतर सुरक्षा उपायों की मांग की गई, जिससे पश्चिम बंगाल राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो गईं। मीडिया ने बताया कि मंगलवार को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसमें पश्चिमी महाराष्ट्र राज्य के 8,000 से अधिक सरकारी डॉक्टर शामिल हुए, जो वित्तीय राजधानी मुंबई का घर है, ने आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अस्पताल के सभी विभागों में काम रोक दिया। राजधानी नई दिल्ली में, जूनियर डॉक्टर सफेद कोट पहने हुए पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर लिखा था, डॉक्टर पंचिंग बैग नहीं हैं, और वे जांच की मांग के लिए एक बड़े सरकारी अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, रॉयटर्स टेलीविजन की तस्वीरों में दिखाया गया। मीडिया ने बताया कि सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और पश्चिमी पर्यटक रिसॉर्ट राज्य गोवा जैसे शहरों में इसी तरह के विरोध प्रदर्शनों के कारण हजारों मरीज फंसे हुए हैं, जिससे कुछ अस्पताल सेवाएं बाधित हुई हैं। देश में डॉक्टरों के सबसे बड़े समूह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को एक पत्र में बताया, पैदल चलने की स्थिति, अमानवीय कार्यभार और स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। डॉक्टरों का कहना है कि उनके कार्यस्थल का माहौल असुरक्षित है, यहां तक कि कोलकाता में डॉक्टर की हत्या के लिए एक पुलिस स्वयंसेवक की सप्ताहांत में गिरफ्तारी और जिस मेडिकल कॉलेज में यह घटना हुई, उसके प्रिंसिपल के इस्तीफे के बाद भी।

## डॉक्टर पर मरीज को दवा बेचने का केस नही कर सकते : हाईकोर्ट

**नागपुरः** प्राप्त समाचार के अनुसार डॉक्टर के खिलाफ मरीज को दवा बेचने के केस को हाईकोर्ट ने रद कर दिया है। डॉ. प्रशांत टिपले के खिलाफ फौजदारी मामला दर्ज किया गया गया था और विशेष न्यायाधीश ने डॉक्टर को दोषी भी करार दिया था। आरोपी डॉक्टर ने इस केस के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की। मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने विशेष न्यायाधीश के आदेश को कैंसिल की दिया।

**हाईकोर्ट ने अपने आदेश में ये कहा :** हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मरीज को दवा बेचने के लिए डॉक्टर पर केस नहीं चलाया जा सकता। लाइसेंस के बिना डॉक्टर द्वारा मरीजों को दवा बेचने की सूचना मिलने पर ड्रग इंस्पेक्टर ने डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। याचिकाकर्ता एक मनोचिकित्सक है। दवा बेचने की सूचना पर दवा निरीक्षक ने उनके क्लीनिक पर एक डमी मरीज को भेजा। डॉक्टर ने मरीज की जांच कर दवाइयां लिखीं और बिल के तहत उसके पास उपलब्ध दवाइयां बेचीं। सरकारी पक्ष के अनुसार मामला यह है कि याचिकाकर्ता द्वारा मरीज को दवाइयों का स्टॉक और बिक्री के अधिनियम की धारा 18 (सी) के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके लिए विशेष न्यायालय में शिकायत दर्ज की गई और याचिकाकर्ता के खिलाफ नोटिस भी जारी किया गया। याचिकाकर्ता एक पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी है। धारा 18(सी) यह 1040 के अधिनियम के अध्याय 4 का एक हिस्सा भरा है। औषधि नियम 1945 के अनुसार विशेष रूप से नियम 123 के अनुसार अनुसूचित में निर्दिष्ट औषधियों को इसमें छूट दी गई है। विश्लेषक की रिपोर्ट के अनुसार, दवा मानक गुणवत्ता की थी अर्थात नकली दवा नहीं थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने डाक्टर के पक्ष में फैसला सुनाया है।




## अवैध अस्पताल में इलाज के दौरान महिला मरीज की मौत

**कौशांबी (उत्तर प्रदेश):** अवैध अस्पताल में इलाज के दौरान महिला मरीज की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। चायल तहसील के चरवा में संचालित अस्पताल में मरीज की मौत होने पर आक्रोशित परिजनों ने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंचे चिकित्साधिकारी और पुलिस प्रशासन को देख अस्पताल चिकित्सक एवं अन्य कर्मी मौके से फरार हो हुए। जांच के बाद पता चला कि अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था। अस्पताल को सीज कर दिया गया और भर्ती एक महिला मरीज को सीएचसी चायल में शिफ्ट किया है। उधर, मृतक मरीज के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था अस्पताल :** चरवा में महादेव हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित किया जा रहा था। देर शाम इलाज के दौरान चन्दा देवी (35) पत्नी गणेश पासी निवासी चरवा की मौत हो गई। महिला का दो दिन पहले ही बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था। महिला की मौत से परिजन आक्रोशित हो उठे और हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर चिकित्साधिकारी चायल ललित सिंह और थानाध्यक्ष चरवा जगदीश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्हें देखते ही अस्पताल चिकित्सक और अन्यकर्मी भी भाग खड़े हुए। इस दौरान परिजनों ने आरोप लगाया कि इलाज के लिए जमा किए गए 50 हजार देने के बावजूद लापरवाही पूर्ण इलाज से उनके मरीज की मौत हो गई। जांच में पता चला कि अस्पताल अवैध तरीके से संचालित है। उसका रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। इसके चलते अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। वहीं, एक अन्य मरीज मनीषा तिवारी पत्नी इन्द्रभान गेरिया पिपरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चायल में शिफ्ट कर दिया गया। उधर, थानाध्यक्ष चरवा जगदीश कुमार ने बताया कि मृतक परिजनों की शिकायत पर आरोपी चिकित्सकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

















## डॉक्टर्स हड़ताल पर रहेंगे अस्पताल जाने से पहले जान लें

**नई दिल्ली:** कोलकाता में डाक्टर के साथ रेप व हत्या के विरोध में अस्पतालों में मेडिकल सेवाएं ठप रहेंगी। इसलिए अस्पताल जाने से पहले आपको सचेत रहना जरूरी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के कई अस्पतालों ने फेडरेशन ऑफ रेसिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन की हड़ताल का समर्थन किया है। इससे दिल्ली के कई अस्पतालों में मेडिकल सेवाएं प्रभावित रहेंगी। बता दें कि फेडरेशन ऑफ रेसिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) ने देशभर के अस्पतालों में मेडिकल सेवाओं की हड़ताल करने की घोषणा की है। यह हड़ताल 12 अगस्त से शुरू होगी। फोर्डा ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर डॉक्टर्स की सेफ्टी और सिक्योरिटी को सुनिश्चित नहीं किया गया तो सोमवार से अस्पताल की सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। दिल्ली में भी राममनोहर लोहिया समेत कई अस्पतालों में मेडिकल सेवाएं प्रभावित होंगी। इनमें ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर और वार्ड ड्यूटी शामिल हैं और इमरजेंसी सेवा चलती रहेगी। बता दें कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की वारदात के बाद डॉक्टरों में आक्रोश है। इस मामले को लेकर फेडरेशन ऑफ रेसिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने हड़ताल का निर्णय लिया है। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉक्टरों ने इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

## सरकारी फार्मासिस्ट को निजी क्लीनिक चलाते हुए पकड़ा, क्लीनिक सील

**फिरोजाबाद:** सरकारी फार्मासिस्ट को निजी क्लीनिक चलाते हुए पकड़ा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने उसके क्लीनिक को सील कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगला भाऊ क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक क्लीनिक पर छापेमारी की। बिना रजिस्ट्रेशन के चलता हुआ मिला। इस कारण टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया। हैरानी की बात ये है कि क्लीनिक में एक सरकारी फार्मासिस्ट डॉक्टर बनकर मरीजों का इलाज कर रहा था। नोटिस जारी करते हुए तथाकथित डॉक्टर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसीएमओ नोडल अधिकारी डॉक्टर विश्वदीप अग्रवाल ने बताया कि सूचना मिली थी कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुदाऊं में फार्मासिस्ट प्रवीन यादव काफी समय से नगला भाऊ क्षेत्र में खुद को डॉक्टर बताकर अवैध तरीके से क्लीनिक संचालित कर रहा है। जानकारी के आधार पर नोडल अधिकारी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर फार्मासिस्ट को मरीजों का इलाज करते हुए पकड़ लिया। फार्मासिस्ट अपने क्लीनिक का पंजीकरण भी नहीं दिखा सका। इसके चलते क्लिनिक को सील कर दिया।

## नशीली दवा इफेड्रिन/ स्यूडोएफेड्रिन जब्त, दो गिरफ्तार

**हैदराबाद:** प्राप्त समाचार के अनुसार नशीली दवा इफेड्रिन/ स्यूडोएफेड्रिन बरामद करने का मामला प्रकाश में आया है। राजस्व खुफिया निदेशालय ने न्यूजीलैंड में 60 लाख रुपये मूल्य की इफेड्रिन दवा भेजने की कोशिश में दो को पकड़ा। डीआरआई अधिकारियों के अनुसार उक्त पैकेज की गहन जांच करने पर दो वैक्यूम सीलबंद पारदर्शी पैकेट बरामद किए। दोनों पैकेट से पाउडर के रूप में एक सफेद पदार्थ बरामद किया गया और जब फील्ड टेस्ट किट से जांच की तो इफेड्रिन/स्यूडोएफेड्रिन पाए गए। बरामद ड्रग की बाजारी कीमत 60 लाख रुपये आंकी गई हैं। एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि इफेड्रिन और स्यूडोएफेड्रिन को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत नियंत्रित पदार्थों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।















## As monsoon takes hold, anti-infective, respiratory drugs' demand surges

**New Delhi:** As monsoon sets in, a surge in demand for seasonal products within the respiratory, anti-infective, and anti-malarial therapeutic categories have been seen. According to market research firm Pharmatrack, the respiratory market was driven by anti-asthma and chronic obstructive pulmonary disease (COPD) products, along with cough and cold preparations. The market also witnessed close to 200 per cent growth for Poractant Alfa usage (pulmonary surfactant) in July. Likewise, the entire anti-infective segment, encompassing anti-bacterial, anti-fungal, anti-viral, and anti-TB products, witnessed robust double-digit growth, potentially fuelled by the surge in respiratory infections, waterborne diseases, and skin infections.

According to the data, anti-malaria saw the highest growth of 13.9 per cent in July, followed by anti-infective medicines, which saw growth of 12.8 per cent and 10.5 per cent growth was seen in respiratory drugs. Sheetal Sapale, VP commercial, Pharmarack. said four key therapies - including the cardiac, anti-infectives, gastro and respiratory segments - have driven the growth of the market by showing "excellent" value growth. "Growth has slowed down in many therapies in July, but the core therapies have not degrown. The therapies with seasonal diseases are growing double-digit. They have pulled up the growth of the market as they have made significant contributions to Indian Pharmaceutical Market (IPM)," she added. "As monsoon sets in, the anti-infective therapy and the respiratory therapies have the advantage of the seasonal disease pattern, which has led to increase in demand of the molecules in this category," Sapale said.In the gastro category, oral electrolytes have shown a sizable growth at the overall level. Majority of the growth is contributed by the existing brands. "Of course, since it is the rainy season, monsoon and summer are the seasons for the oral electrolytes, many players also venture into this market.

## Patient's abandonment: 2nd Pune's Sassoon hospital doctor suspended

**Pune:** According to the news received The dean of BJ Medical College and Sassoon General Hospital, Dr Eknath Pawar, on Monday suspended a junior resident doctor for assisting another junior resident in forcefully discharging a handicapped patient in the early hours of July 22. The first doctor was suspended on July 23 following police registering an FIR under section 125 (rash or negligent act as to endanger human life or the personal safety of others) of the Bharatiya Nyaya Sanhita against him and another staffer. The dean also formed a committee to inquire into the matter after a video surfaced showing the patient, with both his legs amputated, under a tree in Yerawada.

Based on the internal committee's report, Pawar said they found that one more male junior resident was involved in escorting the patient out of the hospital. "We have suspended the second doctor from academic activities till further notice and have also recommended that both be expelled from the hostel and the college for one academic term.

## प्रतिबंधित दवा की तस्करी के दोषी युवक को 10 साल कैद

**सिरसा:** प्राप्त समाचार के अनुसार प्रतिबंधित दवा की तस्करी के दोषी युवक को 10 साल कैद की सुजा सुनाई गई है। स्पेशल एनडीपीएस फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी पर एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर एक साल अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सिरसा यूनिट 2 फरवरी 2021 को जगमालवाली रोड पर गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को संदेह के आधार पर रोका। युवक ने बाइक पर एक प्लास्टिक का कट्टा रखा हुआ था। पुलिस ने इसकी तलाशी ली तो नशे में इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवा की 1200 गोलियां बरामद हुईं। इसके चलते पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक की पहचान अजीत सिंह उर्फ जीत पुत्र भोला राम निवासी जलालआना के रूप में हुई।

## प्रतिबंधित कैप्सूल की तस्करी में युवक गिरफ्तार

**जगाधरी (हरियाणा):** प्राप्त समाचार के अनुसार प्रति. बंधित कैप्सूल की तस्करी में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने ताजेवाला हेड से नाकाबंदी के दौरान की। आरोपी उत्तर प्रदेश से हरियाणा में प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई करने आया था। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रायपुर निवासी हसन उर्फ समीर के नाम से हुई। आरोपी से प्रतिबंधित दवाइयां भी बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को कोर्ट पेश कर रिमांड पर लेने की तैशरी की जा रही है। पुलिस अधिकारी जसविंदर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक प्रतिबंधित नशीली दवाइयां लेकर आ रहा है।









## छापामारी

**बिलासपुर:** प्राप्त समाचार के अनूसार मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर अवैध रूप से बेची जा रही नशीली दवाइयां जब्त की गई हैं। आरोपी मिनाक्षी मेडिकल स्टोर संच. ालक खुशी चंद गुप्ता के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल स्टोर से ईस्पामैक्स कैप्सूल 304 नग, अल्ट्रा किंग ट्रामाडोल युक्त नशीली टेवलेट 360 नग, पाइवॉन स्पास प्लस कैप्सुल ट्रामाडोल युक्त 232 नग समेत बिक्री रकम 16500 रुपये बरामद की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि तारबहार क्षेत्र में गायत्री मंदिर चौक के पास स्थित मिनाक्षी मेडिकल स्टोर का संचालक खुशी चंद गुप्ता अपने स्टोर में अवैध रूप से नशीली दवाइयां बेचता है। पुलिस अधीक्षक सिटी कोतवाली पूजा कुमार मैडम के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर ने पुलिस टीम के साथ मिलकर मिनाक्षी मेडिकल स्टोर में दबिश दी। टीम ने आरोपी खुशी चंद गुप्ता के कब्जे से ईस्पामैक्स कैप्सूल 304 नग, अल्ट्रा किंग ट्रामाडोल युक्त नशीली टेवलेट 360 नग, पाइवॉन स्पास प्लस कैप्सुल ट्रामाडोल युक्त 232 नग बिक्री रकम 16500 रूपये कुल कीमत 26052 रूपये जब्त कर लिए और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।







## टेबलेट्स से भरी पिकअप पकड़ी

**नालागढ़, सोलन (हिमाचल प्रदेश):** नशीली टेबलेट्स से भरी एक पिकअप पकड़ी जाने का मामला सामने आया है। नालागढ़ पुलिस ने वोदला गांव में की। नशे की गोलियां यहां पर सप्लाई की जा रही थी। मौके से एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने नशे की खेप कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नालागढ़ पुलिस बोदला गांव में गश्त पर थी। गांव की पक्की सड़क के पास गाड़ियों की चेकिंग के दौरान एक पिकअप को रो. ककर तलाशी ली गई। डिपनेआक्सीलेट हाइड्रोक्लोराइड एंड एट्रोपा. इन सल्फेट की कुल 28,140 गोलियां बरामद हुई पिकअप से।







## ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर पर की रेड, दवाओं के सैंपल लिए

**कानपुर:** ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल दुकान पर छापेमारी कर प्रतिबंधित दवा बरामद की हैं। झींझक में दवा दुकान पर कार्रवाई के दौरान प्रतिबंधित दस बोतल ऑक्सीटोसिन बरामद की और एक सैंपल भी भरा है। इसके साथ ही दवाओं के दो सैंपल लिए गए हैं। दवा दुकानदार से स्पष्टीकरण मांगा गया है और आगामी आदेश तक दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है।जिले में दवा दुकानों में प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन की बिक्री पर रोक लगाने के लिए छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक अजय कुमार संतोषी ने झींझक कस्बे के संदीप कुमार के मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान वहां प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन मिली। टीम ने सौ एमएल की 10 बोतल आक्सीटोसिन बिना लेबल की बरामद की। इसका एक सैंपल लेने के साथ बरामद ऑक्सीटोसिन को सीज कर दिया। मौके से दो और दवाओं के भी सैंपल लिए गए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि लिए गए सैपलों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जा रहा है। दवा दुकानदार से एक हफ्ते में जवाब मांगा है और अगले आदेश तक मेडिकल स्टोर में दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है।

## नशीली दवा की तस्करी में नेपाल सीमा पर दो दंपती गिरफ्तार

**रक्सौल:** नशीली दवा की तस्करी के आरोप में भारत-नेपाल बॉर्डर पर दो दंपती गिरफ्तार किए गए हैं। भारत से नेपाल नशीली दवा ले जाते हुए नेपाल पुलिस और आर्ड पुलिस फोर्स ने दो भारतीय दंपती को गिरफ्तार कर लिया और इनके पास से प्रतिबंधित नशीली दवा जब्त कर ली है।

**ट्राहमा 50 नामक प्रतिबंधित दवा बरामद :** पकड़े गए दंपती की पहचान पूर्वी चंपारण के सकराहा निवासी धुरेन्द्र राम और उसकी पत्नी मधु देवी के रूप में हुई है। दोनों को रक्सौल से बीरगंज जाने के दौरान शंकराचार्य गेट के पास बीरगंज कस्टम के पास जांच के दौरान पकड़ा गया। आरोपियों के पास से 4505 पीस ट्राहमा 50 नामक प्रतिबंधित दवा बरामद की गई। दूसरी ओर इनरवा चौकी के पास प्रतिबंधित नशीली दवा के साथ दो महिला, पुरुष को नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों रक्सौल से बीरगंज नशीली दवा लेकर जा रहे थे लेकिन जांच के दौरान पकड़े गए।

**294 पीस नाइट्रो वेट 10 बरामद :** डीएसपी दीपक भारती ने बताया कि आरोपियों के पास से 294 पीस नाइट्रो वेट 10 बरामद किया गया है। दोनों की पहचान नेपाल बारा जिला के कोल्हवी निवासी अनिल पौडेल और प्रेरणा पौडेल के रूप में हुई है।



## मैडीकल दर्पण मीडिया हाऊस की ओर से जन्मदिन पर ढेर सारी शुभकामनाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| DR. PRADEEP KUMAR GAUR | BULANDSHAHR | 20/08/1957 | 9412858870 |
| SHRI DEVENDRA SINGH JI | ETAH | 20/08/1985 | 9719496764 |
| SHRI GAURANG SHAH JI | SABARKANTHA | 21/08/1976 | 9825040512 |
| SHRI UTPAL SHARMA JI | GONDIA | 21/08/1970 | 8888670904 |
| SHRI BALARAJU ALURI JI | MEDCHAL | 21/08/1972 | 7093591111 |
| SHRI HITESH H. KALSARIYA JI | SURAT | 22/08/1979 | 9879380463 |
| SHRI RAKESH KHATWANI JI | NAGPUR | 22/08/1978 | 9850370301 |
| SHRI SURESH PATIL JI | JALGAON | 22/08/1975 | 9423190260 |
| SHRI DINESH KUMAR JI | SURAT | 23/08/1981 | 9427793426 |
| SHRI SATYAPAL J.RAKA JI | NASHIK | 23/08/1983 | 9665044450 |
| SHRI SUDHIR GOSWAMI JI | NADIA | 25/08/1976 | 7001319031 |
| SHRI PRAVIN KUMAR GUPTA | AGRA | 25/08/1970 | 9897166688 |
| SHRI ZAKIR ALI JI | ALIGARH | 25/08/1990 | 8006007551 |
| SHRI PRAVIN S. MUNDLE JI | WARDHA | 27/08/1984 | 9325429821 |
| SHRI VAIBHAV BORSE JI | DHULE | 27/08/1987 | 8888722577 |
| SHRI DINESH R. MALU JI | JALGAON | 27/08/1974 | 9823503212 |
| SHRI PRADEEP SANKPAL JI | KOLHAPUR | 28/08/1977 | 7083848429 |
| MOHD.ADIL JI | NASHIK | 28/08/1930 | 8983172038 |
| SHRI SANJAY R. TIWARI JI | JALGAON | 30/08/1967 | 9823027474 |
| SHRI HARISH BAHEKAR JI | GONDIA | 31/08/1986 | 9168439103 |
| SHRI RAJESH JAIN JI | JALGAON | 01/09/1969 | 9420112646 |
| DR. ASHOK RAGHUVANSHI JI | BULANDSHAHR | 01/09/1969 | 8057254610 |
| SHRI HARISH PURI JI | MEHSANA | 03/09/1975 | 9824687563 |
| SHRI MANIK NAGARE JI | NASHIK | 03/09/1982 | 9545082121 |
| SHRI VISHAL INGALE JI | WARDHA | 04/09/1979 | 9423889084 |
| MR. VIKAS KUMAR AGARWAL | BHUBANESWAR | 04/09/1979 | 9437008789 |
| SHRI ALPESH BHARODIYA JI | SURAT | 05/09/1983 | 9998123928 |
| SHRI HITESH PATEL JI | PATAN | 05/09/1998 | 7284803099 |
| SHRI VISHAL BORSE JI | JALGAON | 05/09/1978 | 9420107438 |
| SHRI VIJAY JOSHI JI | JALGAON | 05/09/1983 | 9561942464 |
| SHRI SURYA KR. GUPTA JI | BANDA | 05/09/1982 | 9415189905 |
| MR. DILIP KUMAR BEHERA JI | ANGUL | 06/09/1972 | 9437426191 |
| SHRI SANTOSH S.KADLAG JI | NASHIK | 06/09/1978 | 9960348500 |
| SHRI ROHAN S.ANDHOLKAR | JALGAON | 06/09/1988 | 9860273472 |
| SHRI PUNEET KALRA JI | AGRA | 06/09/1979 | 9760839729 |
| SHRI VIRAJ BAGOLE JI | PUNE | 06/09/1984 | 9890300114 |
| MR. PREMRAJ M. GAKHARE JI | WARDHA | 06/09/1985 | 8805337033 |
| SHRI UMESH R. UNNARKAR JI | NAGPUR | 07/09/1974 | 9921616272 |
| SHRI NITIN S. CHAVAN JI | JALGAON | 07/09/1972 | 9850999837 |
| SHRI VINAY CHAUDHARI JI | JALGAON | 08/09/1985 | 8007000300 |
| SHRI HARKESH SAINI JI | AMBALA | 09/09/1976 | 9050939364 |
| SHRI VISHNU HATWAR JI | GONDIA | 10/09/1971 | 9923627806 |
| SHRI ASHISH PARIKH JI | NASHIK | 11/09/1968 | 9923280214 |
| SHRI RAKESH M.CHAUDHARJ | JALGAON | 12/09/1985 | 9405759005 |
| SHRI NISHIKANT MANDORE JI | JALGAON | 12/09/1964 | 9822393447 |
| SHRI MAHESH K. KAPGATE JI | GONDIA | 14/09/1984 | 9423384294 |
| SHRI HARI PRAKASH GOYAL | ALWAR | 14/09/1960 | 9413910965 |
| SHRI PIYUSH CHANDPARA JI | SURAT | 15/09/1985 | 9601188855 |
| SHRI RAMSINGH BHARDWAJ | GONDIA | 15/09/1982 | 9422116975 |
| SHRI SUNIL KOTKAR JI | NASHIK | 15/09/1978 | 9156246241 |
| SHRI BHUPENDRA BHARD- | ALWAR | 15/09/1983 | 9950138066 |
| SHRI MAHESH LOHARKAR JI | NASHIK | 15/09/1980 | 9890156333 |
| SHRI NAGRAJ G. BONGERI JI | BELGAUM | 16/09/1966 | 9845448386 |
| SHRI ANIL M. KANKARIYA JI | DHULE | 17/09/1973 | 9404576769 |
| SHRI HITESH PATEL JI | VADODARA | 17/09/1979 | 9824448255 |
| DR. ATAR SINGH JI | BULANDSHAHR | 17/09/1961 | 9761136453 |
| SHRI JITENDRA P. BAEHHAV | NASHIIK | 17/09/1983 | 8806008060 |
| SHRI JAI PRAKASH TIWARI JI | NAGPUR | 19/09/1962 | 7875122777 |
| SHRI  KAMLAKAR CHAURA- | GONDIA | 19/09/1973 | 9420617272 |
| SHRI SURESH BHANDARI JI | JALGAON | 19/09/1970 | 9421514477 |
| SHRI RISHABH SINGHVI JI | WARDHA | 20/09/1974 | 8830316248 |
| SHRI DINESH F.PARDHI JI | GONDIA | 20/09/1979 | 9049674867 |
| SHRI ATUL J. MANTRI JI | PUNE | 20/09/1981 | 7588693305 |




## दवा गोदाम पर रेड, बिना लाइसेंस के संचालन पर 25 लाख की दवाएं सीज

**कोसीकलां, मथुरा (उप्र):** प्राप्त समाचार के अनुसार दवा गोदाम बिना लाइसेंस के संचालन किए जाने पर 25 लाख की दवाइयां सीज की गई हैं। यह कार्रवाई औषधि विभाग की टीम ने नगर के लालाराम मार्ग पर एक मकान में बने गोदाम पर की। औषधि निरीक्षक प्रेम प्रकाश ने बताया कि प्रशासन को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि लालाराम मार्ग के पास एक गोदाम से बिना लाइसेंस के दवाइयां बेची जा रही हैं। इस पर टीम ने गोदाम पर पुलिस बल के साथ छापेमारी की। इस दौरान लाखों रुपये की दवाओं का स्टॉक मिला।

मौके पर मौजूद कृष्णा कुमार से लाइसेंस मांगा तो वह इसे नहीं दिखा पाया। इसके चलते दवाओं की जांच की गई और अवैध रूप से रखी 25 लाख रुपये की दवाओं को सीज कर दिया गया। जांच के लिए दवाओं के सैंपल भी लिए गए हैं। आरोपी गोदाम संचालक के खिलाफ कार्वाई अमल में लाई जा रही है।







## Patients struggle to find hospital beds in Pune as H1N1 case surge adds to demand

**Pune:** A sudden surge in swine flu (H1N1) cases, coupled with an already high incidence of dengue, chikungunya and Zika, has left patients scrambling for beds and timely medical care at major hospitals across the city. The situation is so dire that both intensive care units (ICUs) and general wards at key health hubs are operating at full capacity. Dr Prasad Muglikar, medical director at Ruby Hall Clinic, told TOI, "Despite our hospital having a higher bed capacity of 120 ICU beds compared to other hospitals, we are running at full occupancy. Even with this high capacity, the wait time is nearly four hours for beds. Similar is the case with general wards." A city-based working professional said, "My friend's father recently suffered hip fractures following a fall. Despite his critical condition, we did not get a bed at multiple hospitals. We called nearly 20-25 numbers, but not a single bed was available." Dr Ameet Dravid, infectious disease specialist at Noble Hospital, attributed the bed shortfall to a spurt in H1N1 cases, besides the rise in mosquito-borne infection. "For the past 15 days, we have been witnessing H1N1 patients coming to us with viral pneumonia and feeling of breathlessness, which made ventilators a must. About 95 per cent of the patients are suffering from H1N1, while 5 per cent are COVID positive. Other cases are arboviral infections [dengue, chikungunya and Zika]," he said "Chikungunya is actually rivalling dengue in admitting patients into the hospitals with multiple complications. So, we are seeing more severe forms this season. These four illnesses are the ones filling up ICUs. Patients are also not getting beds in time," Dr Dravid said, adding that chikungunya might be more virulent this time as it was causing complications of the brain, heart and kidneys.




# परम प्रीमियम के दुग्ध उत्पादों की देश-विदेश में बनी है एक अलग पहचान

**Bulandshahr:** परम प्रीमियम के दुग्ध उत्पादों की देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनी हुई है। इसका मुख्य कारण यह है कि कंपनी अपने उत्पादों की क्वालिटी को उत्कृष्ट बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है तथा केवल वीएलसी के कलेक्शन वाले दूध से ही देसी घी, रबड़ी, दही,छाछ, मक्खन, फ्लेवर मिल्क आदि उत्पाद बनाए जाते हैं। इस वजह से कंपनी का उत्पादन यूएसए, थाईलैंड, ओमान, बांग्लादेश, यूएई सहित दुनिया के कई देशों में अपना कारोबार बढ़ा रहा है। परम डेयरी लिमिटेड के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव कुमार का कहना है कि वर्ष 1996-97 में परम डेयरी के नाम से बुलंदशहर जनपद के खुर्जा में प्लांट लगाया था, परम प्रीमियम ब्रांड नाम से देसी घी एवं स्कीम्ड मिल्क पाउडर का उत्पादन लगभग 2 लाख लीटर से शुरू किया। प्लांट दिल्ली खुर्जा रोड पर लगा हुआ है, जहां दूध की क्वालिटी उत्कृष्ट मानी जाती है। राजीव अग्रवाल ने बताया कि दो लाख लीटर से उत्पादन शुरू किया तथा वर्तमान समय में 10 लाख लीटर दैनिक क्षमता का प्लांट हो गया है। कंपनी का दूध कलेक्शन वीएलसी के माध्यम से होता है। लगभग 5 हजार गांवों में वीएलसी सेंटर है। वीएलसी कलेक्शन का लिक्विड दूध कंपनी में प्रोसेसिंग के लिए आता है।







# बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने युवती की कटी हथेली और चार अंगुलियों को सफलतापूर्वक जोड़ा

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक युवती की हथेली के आधे हिस्से और चार अंगुलियों को सफलतापूर्वक जोड़ा, जो एक दुखद मशीनरी दुर्घटना के बाद कट गई थीं। 20 वर्षीय निकिता कुमार खून से लथपथ और कटे हुए दाहिने हाथ की हथेली के साथ अस्पताल पहुंची थी। वह दुर्भाग्यपूर्ण घटना के 30 मिनट के भीतर अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंची।

उसने अपने भाइयों को उनके कारखाने में दोपहर का भोजन देते समय अनजाने में अपना हाथ फोम काटने की मशीन में डाल दिया था, जिसके परिणामस्वरूप उसके दाहिने हाथ की हथेली के मध्य स्तर पर सभी उंगलियां कट गई थीं। बीएलके -मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के प्रिंसिपल डायरेक्टर और एचओडी-प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी डॉ लो. केश कुमार के नेतृत्व में प्लास्टिक सर्जरी टीम ने कटे हुए हिस्सों को संरक्षित करने और रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की, वह अब ठीक होने की राह पर है और उम्मीद है कि उसका हाथ पूरी तरह से काम करने लगेगा। सफल पुन:संयोजन सर्जरी के बाद, युवा लड़की अपने हाथ की पूर्ण कार्यक्षमता को बहाल करने के उद्देश्य से गहन फिजियोथेरेपी से गुजर रही है। चोट की गंभीरता के बावजूद, आशाजनक संकेत हैं क्योंकि वह पहले से ही अपनी उंगलियों में सनसनी महसूस कर रही है, जो संभावित तंत्रिका पुनर्जनन का संकेत देता है। समर्पित पुनर्वास और चिकित्सा पेशेवरों से सहायता के साथ, उसे समय के साथ अपने हाथ में ताकत, निपुणता और गति की सीमा हासिल करने की उम्मीद है, डॉ अवतार सिंह बाथ, वरिष्ठ निदेशक - प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी, बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने कहा। निकिता को छुट्टी दे दी गई है। यह घटना आम जनता और चिकित्सा प्रथम प्रतिक्रियाकर्ताओं को इस बात की याद दिलाती है कि ऐसी आपात स्थितियों में क्या करना है, यह जानना कितना महत्वपूर्ण है। समय बहुत महत्वपूर्ण है। तत्काल कदमों में रक्तस्राव को नियंत्रित करना, कटे हुए हिस्से का उचित संरक्षण और पुन:संयोजन प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता वाली चिकित्सा सुविधा में तेजी से परिवहन शामिल है।




**ज्ञान धन से उत्तम है, क्योंकि धन की तुम्हें रक्षा करनी पड़ती है परन्तु ज्ञान तुम्हारी रक्षा करता है**




# इलाज में लापरवाही प्राइवेट अस्पताल सील

**फिरोजाबाद:** इलाज में लाप. रवाही के चलते बुखार से पीडित बच्चे की मौत के मामले में अस्पताल को सील किया है और संचालक को नोटिस दिया गया है। इस दौरान नोडल अधिकारी एसीएमओ के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बुखार से पीडित बालक चंद्रशेखर उर्फ शेखर पुत्र महीपाल को वैष्णो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस कारण परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने मामले की जांच की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामबदन राम ने जांच के आधार पर नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉक्टर वीडी अग्रवाल को वैष्णो हास्पिटल को सील का आदेश दिया।









## फर्जी डॉक्टर के क्लीनिक पर रेड, भारी मात्रा में दवाइयां जब्त

**रायपुर:** फर्जी डॉक्टर के क्लीनिक पर छापेमारी की गई और बिना लाइसेंस के रखी भारी मात्रा में दवाइयां जब्त की गई हैं। यह कार्रवाई खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला रायपुर की टीम ने आरंग के नरदहा में की। टीम ने क्लीनिक से 77 प्रकार की दवाइयां बरामद की हैं और टीम दवाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन को सूचनाएं मिल रही थी कि झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मरीजों का इलाज गलत ढंग से किया जा रहा है। मरीजों के इलाज के नाम पर ये उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। सूचना के तहत औषधि निरीक्षक टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई की। टीम ने आरंग ब्लॉक में स्थित नरदहा गांव में संचालित लाइफ केयर क्लीनिक का निरीक्षण किया, जिसे झोलाछाप डॉक्टर नीलकमल साहू संचालित कर रहा था। निरीक्षण के दौरान भारी मात्रा में 77 विभिन्न प्रकार की दवाइयां क्लीनिक से बरामद की। आरोपी ने बताया कि उक्त दवाइयों को रायपुर स्थित मेडिकल एजेंसियों से खरीदा गया है। मौके से खरीदी बिल, लेनदेन से संबंधित रजिस्टर, डायरी भी बरामद की हैं। उक्त दवाओं के क्रय-विक्रय से संबंधित दस्तावेज नहीं मिलने के कारण मौके पर बरामद दवाओं में से दो औषधियों के सैंपल लिए गए हैं। बरामद दवाइयों में 77 प्रकार की औषधियां जिसमें टीबी की दवाई पोटेंट एन्टिबायोटिक, स्टेरायड आदि शामिल हैं। इन दवाओं की बाजारी कीमत करीब 1.5 लाख रुपये बताई गई है। फिलहाल मामले की जांच की जा

## स्वास्थ्य विभाग ने की ताबड़तोड़ छापेमारी, चार अस्पताल सील

**दुर्ग (छत्तीसगढ़):** स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी कर चार अस्पतालों को सील कर दिया है। रेड के दौरान इन अस्पतालों में कई अनियमितता और दस्तावेजों में कमियां मिलने पर यह कार्रवई की गई। स्वास्थ्य विभाग टीम ने जिले के कई अस्पतालों में निरीक्षण किया। इस दौरान चार अस्पतालों में कई कमियां मिली। इनमें तीन अस्पताल बिना नर्सिंग होम एक्ट लाइसेंस के चल रहे थे। इसके अलावा एक अस्पताल के पास पर्यावरण की परमिशन नहीं मिली। नियमों का पालन नहीं मिलने पर सभी को नोटिस जारी किया है और उनसे जवाब मांगा गया है। टीम ने दुर्ग जिले के ओम क्लीनिक पोटिया कला दुर्ग, केयर हॉस्पिटल कोहका रोड भिलाई, जैमिनी हॉस्पिटल पोटिया चौक आदर्श नगर दुर्ग, भाटिया डेंटल हॉस्पिटल, ओम हॉस्पिटल मानवीय नगर दुर्ग और पैथोलॉजी लैब जीई रोड दुर्ग में रेड की। इन अस्पतालों के बारे में लगातार शिकायतें मिल रही थी। नोडल अधिकारी डॉ. अनिल शुक्ला ने बताया कि शिकायत मिलने पर निरीक्षण किया गया। यहां नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों और नियमों की अनदेखी कर उल्लंघन किया जा रहा था। इन सभी अस्पतालों और क्लीनिकों को नर्सिंग होम एक्ट के तहत नोटिस भेजा है। इसके साथ ही तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। हेल्थ विभाग की टीम ने ओम क्लीनिक और भाटिया डेंटल हॉस्पिटल, पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि बिना नर्सिंग होम एक्ट लाइसेंस के ये हॉस्पिटल्स चल रहे हैं। जांच के दौरान टीम ने अस्पताल प्रबंधन से लाइसेंस और अन्य कागजों की मांग की तो वे नहीं दे सके। इस तरह दोनों अस्पताल को बंद करने के निर्देश दिए गए।

**महिला वार्ड में पुरुष मरीज भर्ती :** पोटिया चौक आदर्शनगर दुर्ग स्थित जैमिनी हॉस्पिटल में महिला वार्ड में पुरुष मरीज को भर्ती पाया गया। यहां पर आयुष्मान व अन्य सुविधाओं की पूर्ति भी अस्पताल नहीं कर पाया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम जब कोहका रोड स्थित केयर हॉस्पिटल गई तो यहां मरीजों को वार्ड तक लाने ले जाने के लिए रैंप ही नहीं था। इस बारे में अस्पताल प्रशासन कोई उचित जवाब नहीं दे पाया।




## नशीली टेबलेट और इंजेक्शन की तस्करी में महिला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** प्राप्त समाचार के अनुसार नशीली टेबलेट और इंजेक्शन की तस्करी में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। महिला के कब्जे से 10512 नग अवैध प्रति. बंधित नशीला टेबलेट एवं 400 नग प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन जब्त किए गए है। इसकी अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी महिला बिहार के औरंगाबाद से नशीली दवा व इंजेक्शन लाकर सूरजपुर जिले में खपाने वाली थी। आरोपित महिला का नाम गायत्री सिंह उर्फ सपना खालपारा श्रीनगर (रामानुजनगर) बताया गया है। वर्तमान में वह अंबिकापुर में रह रही थी।

थाना गांधीनगर पुलिस टीम पेट्रोलिंग में थी। मनेन्द्रगढ़ रोड अजिरमा बुधवारी बाजार के पास सड़क किनारे एक महिला पीठ पर काले रंग का पिठ्ठू बैग एवं एक बड़ा थैला लिए हुए थी। वह पुलिस को देखकर अपना थैला झाड़ी में छिपाने का प्रयास करने लगी। महिला पर शक होने से उसे पकड़ लिया और तलाशी लेने पर नशीली दवाइयों का जखीरा मिला। महिला से पूछताछ में पता चला कि उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट व इंजेक्शन वह औरंगाबाद बिहार से लाकर श्रीनगर सूरजपुर में बिक्री करने के लिए लाई थी।

**टीम में ये रहे शामिल :** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल के अलावा महिला आरक्षक भोली राजवाड़े, त्रिलोचनी राजवाड़े आरक्षक अनिल सिंह, ऋषभ सिंह, उमाशंकर साहू, अतुल सिंह, अरविन्द उपाध्याय,इजहार अहमद, पंकज लकड़ा, सत्यम सिंह शामिल रहे।



MEDICAL DARPAN MEDIA HOUSE

Need strategic people who can bring new clients to advertise in our Pan Indian Pharmaceutical publications:

- मैडीकल दर्पण
- Pharma News
- Pharma दर्पण
- ADR (A Drug Index)
- medicaldarpan.com

Mob.: 9045029158, 9410434811, 7037629158

Email: sales@medicaldarpan.com, medicaldarpan.ctp@gmail.com

Visit us www.medicaldarpan.com

/medicaldarpan /medicaldarpan /medicaldarpan

## Cardiac catheterization laboratory inaugurated at AIIMS Raipur in Chhattisgarh

**Raipur:** Union Minister Prataprao Jadhav on Sunday inaugurated a new cardiac catheterisation laboratory at All India Institute of Medical Sciences Raipur in Chhattisgarh. AIIMS Raipur, which had only one cath lab that performed approximately 25 to 30 angiographies per week, now has this advanced state-of-the-art facility and it is expected to significantly increase the number of such procedures, a statement issued by the hospital said. "The second lab will not only reduce patient waiting times but also enhance the hospital's capacity to provide timely and efficient cardiac care. The new lab will also serve as a critical training ground for medical students in the DM Cardiology programme, fostering a new generation of highly skilled cardiologists," it added.






## INJA Wellness Launches India's First Liposomal Glutathione Effervescent Tablets

**Mumbai:** INJA Wellness, announced the launch of INJA Glow, the country's first-ever Liposomal Glutathione Effervescent Tablets, which help promote radiant skin, improve immunity, reduce acne scars, and also reduce oxidative stress. This groundbreaking product marks another milestone for INJA Wellness, known for introducing India's 1st Japanese Collagen and Vegetarian Collagen. Glutathione is an extremely powerful antioxidant. It is naturally produced by the body; and plays a critical role in detoxification, cellular repair and immune function. It also helps reduce free radicals and boost the immune system. Apart from being an anti-oxidant powerhouse, Glutathione also regulates melanin production. This helps even out skin tone and aids in improving the skin's natural glow. This is the reason Glutathione supplements are becoming increasing popular. However, traditional L-Glutathione supplements have a low absorption rate, since it degrades and breaks down in the digestive tract before reaching the cells, where they are needed the most. INJA Glow stands out in the market with its advanced Liposomal Technology, a form of nanotechnology that encapsulates Glutathione Molecules in lipid-spheres, which protect them from digestive enzymes. This makes its absorption rate increase from 20 per cent to over 80 per cent. Each INJA Glow tablet is equivalent to two standard L-Glutathione effervescent tablets, despite having only half the quantity. Clinical tests have demonstrated that INJA's Liposomal Glutathione is four times more effective than regular L-Glutathione, making it a revolutionary addition to the Health & Wellness sector. The unique formulation of INJA Glow includes a powerful blend of Vitamin C & E, Biotin, Hyaluronic Acid, Zinc and Grape Seed Extract. This combination not only enhances the effectiveness of Glutathione, but also provides a comprehensive boost to overall Health & Wellness. Bhavesh Sheth, CEO of INJA Wellness, expressed his excitement about the launch, stating, "At INJA Wellness, we are committed to bringing innovative and effective wellness solutions to our customers. INJA Glow is a testament to our dedication to quality and excellence. Our Liposomal Glutathione effervescent tablets are designed to deliver unmatched benefits, ensuring our customers achieve their wellness and beauty goals efficiently." INJA Glow comes in 2 flavours: Lemon and Orange. Each pack contains 15 effervescent tablets. "All you need to do is, drop a tablet in a glass of water, let it naturally dissolve; and then, drink! INJA Glow Liposomal Glutathione can be taken by almost everyone. Pregnant and breast-feeding women should seek medical advice before using Glutathione or for that matter, any other supplements," said Mr. Sheth.

## ऑनलाइन दवाओं के प्रति अलर्ट किया, विस्फोट की आशंका

**नई दिल्ली** प्राप्त समाचार के अनुसार ऑनलाइन वजन घटाने वाली नकली दवाओं के प्रति अलर्ट किया गया है। फार्मासिस्टों ने आमजन को चेताया है कि वे ऑनलाइन नकली वजन घटाने वाली दवाएं न खरीदे। उनका कहना है कि ओजेम्पिक की कमी अगले साल तक जारी रहने की उम्मीद है। नेशनल फार्मेसी एसोसिएशन (एनपीए) ने सुझाव दिया कि इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन दवाओं की बिना लाइसेंस बिक्री में विस्फोट हो सकता है। वजन घटाने वाले दवा इंजेक्शनों को सेलिब्रिटी विज्ञापनों तथा ऑनलाइन तस्वीरों के माध्यम से लोकप्रिय बनाया गया है और नकली संस्करण खतरनाक हो सकते हैं। बताया गया है कि ओजेम्पिक सेमाग्लूटाइड्स का एक ब्रांड है जो टाइप 2 मधुमेह से पीडित लोगों को उनके रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। कई देशों में वजन कम करने के लिए भी इसे लिया जा रहा है। बता दें कि वर्तमान में ओजेम्पिक की कमी है। इसकी मांग अधिक है और कुछ डॉक्टर इसे बिना पर्चे के लिख रहे हैं, क्योंकि इसे दवा को वजन घटाने के लिए लाइसेंस नहीं मिला है। हालांकि एनएचएस पर उपलब्ध ओजेम्पिक, टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित लोगों की मदद करता है, लेकिन भूख को दबाने की इसकी क्षमता के कारण लोग इसका उपयोग वजन कम करने के लिए कर रहे हैं। इसके चलते दवा की कमी हो गई है और नकली टीकों की बिक्री बढ़ रही है। एनपीए ने आमजन से अपील की है कि वे ब्रिटेन में पंजीकृत या विनियमित न होने वाले विक्रेताओं से ऑनलाइन दवाइयां खरीदने के बजाय फार्मासिस्ट या जीपी से ही खरीदें। स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि अनधिकृत ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं या ब्यूटी सैलून से विनियमित दवाइयां न खरीदें, क्योंकि वे खतरनाक हो सकती हैं।

## मेडिकल स्टोर में मिला क्लीनिक, दवाएं जब्त

**पूर्वी चंपारण (बिहार):** मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में दवाएं जब्त की गई हैं। दवा दुकान में अवैध रूप से क्लीनिक भी चलता मिला। बिना लाइसेंस के दुकान का संचालन पाया गया था। यह कार्रवाई औषधि निरीक्षक की टीम ने तुरकौलिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर नहर के पास एक दवा दुकान में की। यह दुकान गोविंदपुर टिकैता के मुखिया पति कयामुद्दीन अंसारी के छोटे भाई अंबर अंसारी की है। छापेमारी के कुछ देर पहले ही संचालक दुकान से फरार हो गए थे। इसके पहले शंकर सरैया चौक पर मुखिया पति कयामुद्दीन अंसारी की दवा दुकान में छापेमारी की गई थी। वहां भी प्रतिबंधित दवाएं मिली थी। इस दवा दुकान को भी बिना लाइसेंस के चलाया जा रहा था। छापेमारी टीम का नेतृत्व औषधि निरीक्षक सुशील कुमार ने किया। उनके अलावा, टीम में औषधि निरीक्षक दयानंद प्रसाद, मोहम्मद रइस आलम व दंडाधिकारी के रूप में सीओ संतोष कुमार शामिल रहे।

**दुकान के अंदर मिला क्लीनिक :** औषधि निरीक्षक सुशील ने बताया कि सिविल सर्जन के आदेश पर उक्त कार्यवाही हुई है। दवा दुकान से फिजिशियन सैंपल के अलावा अन्य दवाएं जब्त की गई है। दुकान के अंदर चिकित्सक का क्लीनिक संचालित दिखा। यह चिकित्सक पीएन यादव का बताया गया है। दो दवाएं के सैंपल लिए गए हैं। दवा निरीक्षक ने बताया कि दुकानदार अंबर अंसारी के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवाया जाएगा।

## ड्रग तस्कर दबोचा, साथी फरार

**दुर्ग (भिलाई):** कफ सिरप की भारी खेप के साथ ड्रग तस्कर को रेलवे स्टेशन से लगे यार्ड के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से करीब एक लाख रुपये कीमत की कफ सिरप जब्त की गई है। उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। दुर्ग आरपीएफ टीआई एके सिन्हा ने बताया कि सभी रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वे अपनी टीम के साथी एएसआई एस द्विवेदी, हेड कांस्टेबल वायके ताम्रकर और कांस्टेबल एसआर मीणा के साथ रेलवे स्टेशन की चेकिंग में लगे थे। दुर्ग स्टेशन के यार्ड के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में दिखे। उनके पास बड़े-बड़े बैग थे।

## हेल्थकेयर सेक्टर में प्रवेश करेगा बजाज ग्रुप

**मुंबई:** हेल्थकेयर सेक्टर में अब बजाज ग्रुप भी शामिल होने जा रहा है। बताया जा रहा है कि बजाज ग्रुप देश के कई शहरों में हॉस्पिटल चेन खोलेगा और इसकी शुरुआत मेट्रो शहरों से होगी। फिलहाल यह योजना शुरुआती चरणों में है और हेल्थकेयर क्षेत्र में उतरने के लिए ग्रुप एक नई कंपनी बना सकता है। संभावना है कि ग्रुप की स्टील कंपनी, मुकंद में कॉरपोरेट स्ट्रैटजी के प्रमुख नीरव बजाज ही इस प्रोजेक्ट की कमान संभालेंगे। बता दें कि नीरव, नीरज बजाज के बेटे हैं, जो मुकुंद के चेयरमैन और एमडी होने के अलावा बजाज ऑटो के भी चेयरमैन है। बताया जा रहा है कि इनवेस्टमेंट योजनाओं पर अभी फैसला होना बाकी है। नए बिजनेस के लिए मुंबई के लोअर परेल में एक ऑफिस खोला गया है। ग्रुप की ओर से चरणों में निवेश करने की संभावना है। दिसंबर 2023 में बजाज ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन 10 लाख करोड़ पार कर गया था। बजाज ग्रुप की स्थापना 1926 में जमनालाल बजाज ने की थी। इसका बिजनेस ऑटोमोबाइल, घरेलू अप्लायंसेज, लाइटिंग, आयरन एंड स्टील, इंश्योरेंस, ट्रैवल और फाइनेंस सेक्टर में है।

MEDICAL DARPAN MEDIA HOUSE

Please Join
Like & Subscribe
Our Social Media
Youtube Channel
@medicaldarpanmediahouse













## औषधि निरीक्षक के ड्रग तस्करों से संबंधों का पर्दाफाश

**बठिंडा:** औषधि निरीक्षक के ड्रग तस्करों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है। इसके चलते एसटीएफ ने औषधि निरीक्षक के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। जांच में सामने आया कि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में चल रहे ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क के तार ड्रग इंस्पेक्टर शीशन मित्तल से जुड़े हुए थे।

पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि एसटीएफ की टीम ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में कुल 13 स्थानों पर रेड की। एसटीएफ की पांच अलग-अलग टीमों ने बठिंडा, मौड़ मंडी, गिद्दड़बाहा, मोहाली, हरियाणा के फतेहाबाद में और चंडीगढ़ में अलग-अलग जगहों पर रेड की। इस दौरान एसटीएफ ने 9.31 लाख रुपये नकदी, 260 ग्राम सोना और 515 दिरहम के रूप में विदेशी मुद्रा जब्त की। इस रेड में कुछ अहम दस्तावेज भी बरामद हुए, जिससे यह साबित होता है कि आरोपी ड्रग इंस्पेक्टर शीशन मित्तल ने ड्रग्स तस्करी के इस नेटवर्क के जरिये कमाए पैसों से चल-अचल संपत्ति बनाई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा-29 और 59 के तहत केस दर्ज किया गया है। एसटीएफ एडीजीपी नीलाभ किशोर ने बताया कि आरोपी ड्रग इंस्पेक्टर पंजाब और हरियाणा की जेल में बंद कई ड्रग्स तस्करों के संपर्क में था। कई अवैध फार्मासियुटिकल्स और मेडिकल स्टोरों को यह प्रतिबंधित दवाइयां और ड्रग्स मुहैया कराता था। उसके 24 बैंक खातों को फ्रीज किया है, जिसमें 6.69 करोड़ रुपये की ड्रग मनी जमा करा रखी है।

## डी फार्मा की फर्जी डिग्री के नाम पर करोड़ों का घोटाला

**बरेली:** प्राप्त समाचार के अनुसार डी फार्मा की फर्जी डिग्री के नाम पर करोड़ों रुपये का घोटाला सामने आया है। जांच में डी फार्मा की सभी मार्कशीट सत्यापन में फर्जी मिली हैं। वहीं सैकड़ो छात्रों का भविष्य भी अधर में लटक गया। हालांकि, कार्रवाई से बचने के लिए खुसरो डिग्री कॉलेज के डी फार्मा इंचार्ज ने थाना सीबीगंज में धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज कराया है। जबकि इस फर्जीवाड़े में खुसरो कॉलेज और उसका प्रबंधन बराबर का गुनहगार बताया जा रहा है।

**कंसल्टेंसी पर लगाए धोखाधड़ी के आरोप :** खुसरो डिग्री कॉलेज के डी फार्मा कोर्स प्रभारी विश्वनाथ शर्मा ने पुलिस शिकायत में बताया कि आस्था कंसलटेंसी सेन्टर के प्रभारी डॉ. विजय शर्मा ने 109 छात्र-छात्राओं से करोड़ों रुपये वसूले और उन्हें फर्जी मार्कशीट थमा दी। डॉ. विजय शर्मा का कहना है कि उनके पास कंसलटेंसी सेन्टर था, जो दो वर्ष पूर्व बंद कर दिया था। वे खुसरो कॉलेज में डी फार्मा के फार्म भरने का काम देखते थे और उन्हें दस हजार रुपये प्रति छात्र कालेज की तरफ से दिया जाता था। एक छात्र शनि ने बताया कि उन्होंने डी फार्मा के कोर्स के लिए दो लाख तीस हजार रुपये फीस के रूप में दिए थे, लेकिन उसे फर्जी मार्कशीट दे दी गई। जब उन्होंने आवेदन के दौरान कागजों का सत्यापन कराया, तो इस फर्जीवाड़े का पता चला। बता दें कि खुसरो कॉलेज के माध्यम से करीब 400 छात्र-छात्राओं को फर्जी डी फार्मा की डिग्री दी गई। इसमें अभी तक 109 छात्र-छात्राएं कालेज के चक्कर काट रहे हैं। उन्हें उनके रुपये भी वापस नहीं किए जा रहे हैं।

## Govt must remove 'anti-people' GST on life, health cover: CM

**Kolkata:** According to the news received CM Mamata Banerjee on Thursday upped the ante on Centre over GST on life insurance and medical insurance premiums and sought rollback of the "anti-people" tax component. Her statement came a day after Union road transport and highways minister Nitin Gadkari urged finance minister Nirmala Sitharaman to consider suggestions to remove GST on life and health insurance premiums. "Our demand to govt of India is to roll back GST on life insurance and medical insurance premiums on grounds of people's health imperatives. This GST is bad because it adversely affects people's ability to take care of their basic vital needs. If govt of India does not roll back the anti-people GST, we will be bound to hit the streets," Banerjee posted on X. Earlier in the day, the issue also brought about a rare Upper House camaraderie when TMC's Rajya Sabha MP Dola Sen backed Gadkari's demand to Sitharaman. "We support Nitin Gadkari's demand to roll back 18 per cent GST on health insurance premiums. Finance minister, either withdraw this or resign," Sen said in RS.

TMC's Rajya Sabha MP Derek O'Brien said: "Govt had imposed 18 per cent GST on life and health insurance premiums. Trinamool raised this in Parliament on July 29 and were the first to ask for its withdrawal for humanitarian reasons. Finance minister, withdraw this or resign." TMC spokesperson Saket Gokhale had raised this issue earlier in his Budget reply. Gadkari wrote about it to Sitharaman again on Wednesday. "Main issue raised by the Union is related to withdrawal of GST on life and medical insurance premiums. Both life insurance and medical insurance premiums attract a GST rate of 18 per cent . Levying GST on life insurance premium amounts to levying tax on the uncertainties of life," Gadkari wrote.

## Doctor murder: Junior doctors continue ceasework, give deadline to police to finish probe

**Kolkata:** Junior doctors across West Bengal continued ceasework on Tuesday protesting the rape and murder of a woman doctor at a state-run medical college and hospital in Kolkata and demanding justice for her. The stir affected healthcare services as long queues of patients were seen at out-patient departments (OPDs) of all government hospitals since early Tuesday morning as senior doctors were substituting their junior counterparts to address the rush.

The agitating junior doctors, who have been pressing for magisterial probe into the killing of the woman doctor, on Tuesday set a deadline of August 14 for the Kolkata Police to complete their investigation. "The ceasework and protest will continue till our demands are met. We have been very clear about our demands. We want a judicial probe into the incident," a protesting junior doctor at the RG Kar Medical College and Hospital said. "Why do they need a deadline till Sunday? We are asking the police to complete their investigation by Wednesday," he added. West Bengal Chief Minister Mamata Banerjee, after paying a visit to the parents of the deceased on Monday, gave a deadline of August 18 to Kolkata Police to solve the case, failing which she said she would hand over the matter to the CBI. The body of a woman doctor was found in a seminar hall at the hospital on Friday morning, and a civic volunteer was arrested on Saturday in connection with the crime.

## आयुर्वेदिक क्लीनिक पर रेड कर फर्जी डॉक्टर को किया अरेस्ट

**मेजा, प्रयागराज:** प्राप्त समाचार के अनुसार आयुर्वेदिक क्लीनिक पर छापेमारी कर एक फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इलाकाई कोतवाली क्षेत्र के कोटहा गांव में बिना डिग्री के क्लीनिक चलाने वाले फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए अवैध क्लीनिक का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान टीम ने काफी मात्रा में नकली दवाइयां जब्त की। क्लीनिक में मौके पर फर्जी डॉक्टर मरीज का इलाज करते हुए मिला। पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी शारदा प्रसाद ने पुलिस शिकायत में बताया कि उनको महानिदेशक आयुष मानवेंद्र सिंह से व्हाट्सएप पर शिकायत मिली थी। सूचना के तहत एसडीएम मेजा दशरथ कुमार तथा पुलिस चौकी मेजा रोड के उप निरीक्षक सचिन गुप्ता, अमित गुप्ता, अखिलेश यादव, चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ दीपक सोनी एवं सहायक मुक्तेश मोहन शुक्ला सहित रहमत दवाखाना कोटहा के पते पर औचक निरीक्षण किया गया।

**कई बोरियों में दवाइयां मिली :** दबिश के दौरान मौके पर सद्दाम हुसैन पुत्र बुद्ध हुसैन 15 मलाहीपुर बिलारी देहात मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश द्वारा कुसुम देवी पत्नी धर्मराज निवासी नेवढिया का इलाज करते हुए पाया गया। क्लीनिक में कई बोरियों में दवाइयां भी मिली। टीम के मांगने पर सद्दाम हुसैन चिकित्सा संबंधी कोई योग्यता एवं डिग्री नहीं दिखा सका। मौके पर कई डिब्बों में संदिग्ध पाउडर पाया गया, जिसे सद्दाम आयुर्वेदिक दवा बताया।




PALCO
Free consultancy and set up for old / new nursing home, medical center / hospitals, R&D LAB, educational science lab school, all industries lab with trunkey projects in pan India.
Contact : Mr. R.P. PAL / NEERAJ PAL
Call : 9891177191 / 8377951686
1802, FF, Electrical Market, Bhagirath Palace, Chandni Chowk, Delhi 110006

## AUTHORIZED DISTRIBUTORS OF ADR BOOK

| Location | Party Name | Contact No. |
|---|---|---|
| Agra | Satish Book Enterprises | 9997877123 |
| Ahmedabad | Bharat Medical Book House | 9824013920 |
| Akola | Book Emporium | 9422861751 |
| Aligarh | Rama Book Store | 9319275252 |
| Allahabad | Chetana Medical Books | 9307978423 |
| Amritsar | City Book Shop | 0183-2571591 |
| Amritsar | Medical Books & Surgicals Centre | 0183-2422729 |
| Aurangabad | Arihant Excel Medical Book House | 9822259681 |
| Aurangabad | Shri Samarth Book Depot | 9822034577 |
| Belgaun | Shri Ganesh Book Stall | 8312461258 |
| Berhampur | Book World | 9861015189 |
| Bhagalpur | Kora Kagaz | 9771511779 |
| Bhopal | Lyall Book Depot | 0755-2543624 |
| Bhubaneswar | Annapurna Medical Book Shop | 9861243882 |
| Bikaner | Academy Book Centre | 9414138998 |
| Burla | Bharat Book Emporium | 9337335744 |
| Calicut | Ramdas Sotes & Books | 0495-2358398 |
| Chennai | Chennai Medical Book Centre | 044-66246369 |
| Chennai | Shah Medical Books | 9444829937 |
| Coimbatore | Arasu Medical Book House | 9444308567 |
| Coimbatore | Balaji Medical Books | 0422-6725292 |
| Coimbatore | Dass Medical Book Shop | 9443958620 |
| Cuttack | Scientific Book Depot | 9437020414 |
| Delhi | Mirza Book Depot | 9958723206 |
| Delhi | Pawan Book Service | 9810202316 |
| Delhi | R.S.Book Store | 9810546759 |
| Delhi | Sagar Book Depot | 9811680722 |
| Delhi | University Book Store | 9818357577 |
| Dhulea | Koshal Book Shop | 9423916592 |
| Gorakhpur | Medical Book Centre | 9450884543 |
| Gwalior | Anand Pustak Sadan | 9425114555 |
| Indore | New Jain Book Stall | 9926636333 |
| Indore | Scientific Literature Company | 9826299744 |
| Jabalpur | Lords Book Sellers | 9425155125 |
| Jabalpur | Akash Pustak Sadan | 9826563047 |
| Jaipur | Kumar Medical Book Store | 9829610430 |
| Jammu | Bhartiya Pustakalaya | 9796636000 |
| Jammu | Narend Book Depot | 9419114398 |
| Jamnagar | Jay Medical Book Centre | 9925236982 |
| Jodhpur | Book World | 9829088088 |
| Jorhat | Naveen Pustakalaya | 9435514204 |
| Kolhapur | Ajab Pustakalaya | 9881424434 |
| Kolkata | Raj Book House | 9432550891 |
| Kota | R.K.Stationers | 9829087574 |
| Koti Hyderabad | Osmani Medical Book House | 040-64644253 |
| Koti Hyderabad | Paras Medical Books Pvt Ltd. | 040-24600869 |
| Koti Hyderabad | Sharp Medical Book Centre | 040-65544303 |
| Lucknow | Aditya Medical Books Pvt Ltd. | 0522-2611724 |
| Lucknow | Arora Book Agencies | 0522-4046778 |
| Ludhiana | Verma Book Depot | 9872202530 |
| Madurai | Medical Books & International | 9344101063 |
| Meerut | City Book Centre | 0121-4056292 |
| Meerut | Menakshi Prakashan | 0121-2645498 |
| Meerut | R LAL Book Depot | 0121-2666235 |
| Mumbai | The National Book Depot | 022-24131362 |
| Mumbai | Vikas Medical Book House Pvt Ltd. | 022-23010441 |
| Mumbai | Bhalani Medical Book House | 022-24171660 |
| Nagpur | New Medical Book Shop | 9822225591 |
| Nagpur | Book Source | 9850943011 |
| Patna | Current Book Service | 9431077745 |
| Pune | J D Granth Bhandar | 020-24492832 |
| Raipur | S.K.Medical Book House | 9329637397 |
| Raipur | Sristhi Book Stationery Mart | 9300855027 |
| Rajkot | Jay Books Medical Book | 9925236984 |
| Ranchi | Student Book Depot | 0651-2221907 |
| Saharanpur | Hans Pustak Bhandar | 9457449388 |
| Sangli | Tanavade & Sons | 9823049499 |
| Sri Nagar | Doctors Dotkom | 9086454647 |
| Tirupati | Shri Venketswar Book Depot | 9885479105 |
| Trivandram | Professional Book House | 9495951506 |
| Varanasi | Atithi Medical Books | 9307978423 |
| Varanasi | Current Book Agency | 9335015235 |
| Visakhapatnam | Andhra Medical Book Centre | 9985716032 |
| Visakhapatnam | World Medical Book Centre | 9849022192 |

## दवा कारोबारी के पुत्र की हत्या के विरोध में उतरे व्यवसायी

**भागलपुर (बिहार):** प्राप्त समाचार के अनुसार दवा बाजार बंद रखा गया है। दवा व्यवसायी के पुत्र रौनक केडिया की हत्या के विरोध में शहर के बाजार बंद हैं। ईस्टर्न बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों ने बीते दिवस बैठक की थी। बैठक में शुक्रवार को संपूर्ण बाजार बंद करने का आह्वान किया गया था। दवा व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाया। भागलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर शहर की 1600 से अधिक दवा दुकानें बंद रहीं।

**पुलिस प्रशासन के रवैये पर सवाल :** बैठक में चेंबर महासचिव सीए पुनीत चौधरी ने कहा कि इस वारदात से बाजार क्षेत्र के सभी दवा कारोबारियों एवं अन्य व्यवसाय से जुड़े लोगों में खौफ एवं रोष व्याप्त है। पुलिस प्रशासन को शहर की विधि व्यवस्था को लेकर मुस्तैदी से कार्य करना चाहिए। ऐसा नहीं हो पाने के कारण ही ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही हैं। शहर में पेट्रोलिंग की व्यवस्था को बढ़ाने की मांग उठाई गई।

**वारदात के बाद दवा दुकानें रहीं बंद :** बता दें कि आत्माराम मेडिकल्स के संचालक बलराम केडिया के पुत्र रौनक केडिया की हत्या हो गई थी। इसके विरोध में गुरुवार को भागलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर शहर की 1600 से अधिक दवा दुकानें बंद रहीं। मरीज व उनके परिजन दवा के लिए भटकते रहे। इसके चलते करीब आठ करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ बताया जा रहा है। उधर, रौनक केडिया की हत्या मामले में एसएसपी का कहना है कि पुलिस टीम छानबीन में जुटी है। शहर में पेट्रोलिंग की व्यवस्था को बढ़ाने की मांग उठाई गई। दवा व्यवसायी के पुत्र रौनक केडिया की हत्या के विरोध में शहर के बाजार बंद हैं।

Exclusive Range of HERBAL Products
GMP AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY
FULL CHARGE GOLD CAP Power Cap. For Men (For Vigour And Vitaliy)
BONE HEALTH TAB. For More Stronger Bones
LEUCO-QUIT CAP./SYP. For Leucorrhoea & DysmenorRhoea
DIBE QUIT CAP For Maintainance of Normal Blood Sugar
PURE-PLATRICH TAB/SYP
FUL CHARGE GOLD TILA Herbal Oil for Sexual Purpose
PURE-KFT SYP. (SUGAR FREE) Nephrotonic + Anti Oxidant + Immunomodulation
MEMO SHARP CAP./SYRUP For Sharpness Of Memmory
ORTHO ACT OIL/CAP/SYP. Quick Relie From Pains
RE GROW HAIR OIL /CAP. Hair Regrowth Treatment
PYLO QUIT CAP/CREAM For Quick Relif Foum Piles
STONE ACT CAP./SYP. Herbal Alkalinizer For Renal & Kidney Stone
Wanted Franchise from all over India, Nepal & Bhutan
APPYZYME SYP./DROPS Powerful Herbal Enzyme
KHANSI AMRUT Sugar Free Cough Syrup
Attractive Terms
Assure Monopoly
Long Lasting Relationship
Committed Dealings
Timely Delivery
JAMUN KARELA PLUS JUICE Jamun-1000mg + Karela-750mg + Neem-200mg + Gudmar-250mg + Methi-250mg
CARDIHOP SYP. Lehsun 2.5ml + Adrak 2.5ml + Nimbu 2.5ml + Sev. 2.5ml
PUREACTIVE MALT For Complete Nutrition
PURE-PANCHAM TULSI Extracts of Five Type of Tulsi (Antioxidants)
We Offers
• Visual Aid • Visiting Cards
• Product Cards • Gift Articles
PRATIKK ONION SEEDS HAIR OIL Advance Nourishment For Hair
PURE BODY GROW POWDER For Weight Gain, Increase Energy, & Muscles Development
नोट : आयुर्वेदिक दवाओं के क्रय विक्रय के लिए ड्रग लाईसेंस की आवश्यकता नहीं है, आप स्वयं भी दवाएं मंगवाकर अपना व्यवसाय आरंभ कर सकते हैं
PRATIKK ONION SEEDS SHAMPOO Increases Hair Thickness And Makes The Hair Voluminous
TRIFLA PLUS JUICE Amla - 750mg, Baheda - 750mg, Harad - 750mg, Tulsi - 250mg, Giloy - 250mg
PRATIKK CHYAWANPRASH SPEIAL Freedom From Illness
FEVOACT SYP. Best Remedy For Fever
For business Inquiry - 09736701313, 09882011313
AYURMED LIFE CARE
Ayurmed LIFECARE
SCO No. 6, Genrater House, Opp. City Look Hotel, Sai Road, Baddi - 173205 (H.P.)
E-mail: puremedbiotech@gmail.com
Customer Care No. 01795-244446
www.ayurmedlifecare.com

Helax
We Present WHO-GMP manufactured formulation at lowest price
3rd Party Manufacturing
Specialization
Hormones
Cephalosprins
Pencillin
Non Betalactum Section
Ayurvedic / Siddha
Unani Drugs
Foods
Natraceuticals (FSSAI) Supplements
Super Specialization
INFERTILITY
NEPHROLOGY
UROLOGY
CARDIOVASCULAR
CENTRAL NERVOUS SYSTEM
ANTI DIABETES
MUSCULO SKELETAL
PSYCHO TROPIC
ANTIBIOTIC
ANTI-INFECTIVE
ALIMENTARY
ANALGESICS
"Supporting your healing hands." Helax
HELAX HEALTHCARE PRIVATE LIMITED
Mr. HARSH GUPTA 7417935356 www.helax.in

## केरल में 14 वर्षीय लड़का अमीबिक मेनिंगोएन्सेफेलाइटिस से ठीक हुआ

**तिरुवनंतपुरम:** ठीक होने के एक दुर्लभ मामले में, केरल में एक 14 वर्षीय लड़का जो अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस (दिमागी बुखार) के इलाज के लिए गया था, ठीक हो गया है, अधिकारियों ने कहा। बच्चा राज्य के कोझीकोड जिले का मूल निवासी है। अमीबिक इंसेफेलाइटिस से पीड़ित व्यक्ति देश में शायद ही कभी इस बीमारी से ठीक हो पाता है। दुनिया में केवल 11 लोग ही इस बीमारी से ठीक हुए हैं। बच्चे को 97 प्रतिशत मृत्यु दर वाली बीमारी से वापस जीवन में लाया गया। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने समन्वय और उपचार का नेतृत्व करने के लिए पूरी टीम की सराहना की। राज्य में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस की सूचना मिलने की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग ने मंत्री के नेतृत्व में एक बैठक की और विशेष एहतियाती निर्देश जारी किए। इसके आधार पर, मेलडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों बच्चे के लक्षण मस्तिष्क ज्वर के हो सकते हैं और उन्हें इसके खतरों के बारे में बताया। उसी दिन, बच्चे को मिर्गी का दौरा पड़ा और उसे कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चे के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष रूप से मिल्टेफोसिन दवा पहुंचाई गई। तीन सप्ताह के उपचार के बाद वह ठीक हो गया। यह बीमारी का जल्दी पता लगाने और बच्चे को सभी उपलब्ध उपचार प्रदान करने के कारण संभव हुआ। 5 जुलाई को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई थी और दुर्लभ बीमारी अमीबिक इंसेफेलाइटिस की रिपोर्ट के मामले में, उन्नत विषाणु विज्ञान संस्थान के सहयोग से प्रारंभिक चरण में रोग की पुष्टि करने के लिए आणविक परीक्षण प्रणाली तैयार करने का प्रस्ताव दिया गया था।

SLC
SAFE LIFE CARE
Safe Life Care is WHO/GMP certified pharmaceutical company established in 2015 and situated in Himachal Pradesh (India).
MR. SATPAL JASSAL, 9805021984, 8048771771
ETHICS
HONESTY
INTEGRITY
RESPECT
PRODUCTS
TABLETS
INJECTION
SYRUP
CAPSULES
SUSPENSION
HAND SANITIZER
SAFEKETO SOAP
SLC SAFE LIFE CARE
SCO-1, SS Brother Complex, 2nd Floor, Sai Road, Baddi, Solan, Himachal Pradesh - 173205
Mob.: 9805021984, 8048771771
E-mail : safelifecare@gmail.com | www.safelifecare.co.in




## केंद्र सरकार ने तय कीमत से ज्यादा कीमत पर दवाएं बेचने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार केंद्र सरकार ने तय कीमत से ज्यादा कीमत पर दवाएं बेचने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक सवाल के जवाब में राज्यसभा को बताया कि वर्ष 2023-24 में सरकार ने उपभोक्ताओं से ज्यादा पैसे वसूलने वाली कंपनियों से 72.73 करोड़ रुपये वसूले हैं। औषधि मूल्य नियंत्रण (डीपीसीओ), 2013 के प्रावधानों के अनुसार, अनुसूचित दवाओं की अधिकतम कीमतों को राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा पिछले कैलेंडर वर्ष के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आधार पर हर साल 1 अप्रैल को या उससे पहले संशोधित किया जाता है। सरकार हर साल 1 अप्रैल को संशोधित कीमतों को अधिसूचित करती है। एनपीपीए द्वारा निर्धारित मूल्य का विवरण एनपीपीए की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। डीपीसीओ, 2013 के अंतर्गत अनुसूचित और गैर-अनुसूचित दोनों दवाएं शामिल हैं। गैर-अनुसूचित फॉर्मूलेशन (ब्रांडेड या जेनेरिक) के मामले में, डीपीसीओ, 2013 के अनुसार, कोई भी निर्माता पिछले 12 महीनों के दौरान अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में एमआरपी के 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं कर सकता है। हालांकि, निर्माता वाणिज्यिक विचारों और बाजार की गतिशीलता के आधार पर अनुसूचित और गैर-अनुसूचित दवाओं के लिए कीमतों में वृद्धि नहीं करने का विकल्प चुन सकता है। डीपीसीओ की अनुसूची- में सूचीबद्ध फॉर्मूलेशन को अनुसूचित फॉर्मूलेशन के रूप में परिभाषित किया गया है, जबकि अनुसूची- में शामिल नहीं किए गए फॉर्मूलेशन को गैर-अनुसूचित फॉर्मूलेशन के रूप में परिभाषित किया गया है।




## स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार चयन पर विवाद, जांच के आदेश जारी

**रायपुर।** प्राप्त समाचार के अनुसार स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार चयन पर फिर से विवाद गहरा गया है। गौरतलब है कि पहले छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार पद पर कंपाउंडर देव राम साहू को बैठा दिया गया था। इसके चलते भारी विवाद हुआ। इस कारण उनकी नियुक्ति को कैंसिल कर नई नियुक्ति की गई है। अब कंपाउंडर देव राम साहू की जगह फार्मासिस्ट अश्वनी गुर्देकर को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। इसका आदेश 14 मार्च 2024 को जारी हुआ है. इस नियुक्ति पर भी विवाद होने लगा है। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने नियमों को ताक पर रखकर रजिस्ट्रार की नियुक्ति करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तृतीय श्रेणी कर्मचारी को स्टेट फार्मेसी काउंसिल का रजिस्ट्रार बना दिया, जबकि रजिस्ट्रार का पद द्वितीय श्रेणी पद है। बता दें कि रजिस्ट्रार की नियुक्ति मध्यप्रदेश फार्मेसी रूल 1978 और फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के 1997 में दिये स्थाई आदेश के आधार पर की जानी है। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने किसी भी स्टेट फार्मेसी कौंसिल में रजिस्ट्रार के लिए डिप्लोमा इन फार्मेसी शैक्षणिक योग्यता को न्यूनतम अहर्ता घोषित किया है, लेकिन बैचलर ऑफ फार्मेसी डिग्रीधारी उपलब्ध होने पर डिग्रीधारी को रजिस्ट्रार पद पर नियुक्त किया जाएगा। काउंसिल में वर्तमान में पदस्थ रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर की नियुक्ति रद्द करने की मांग करते हुए स्वास्थ्य सचिव से शिकायत की गई है। स्वास्थ्य सचिव ने मामले की जांच कर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

## एक व्यक्ति ने दूसरे ब्लड ग्रुप वाली पत्नी को किडनी देकर जीवन दिया

**पुणे:** प्राप्त समाचार के अनुसार जब पुणे की 40 वर्षीय गृहिणी के पति ने उसकी जान बचाने के लिए अपनी किडनी दान करने की पेशकश की, तो उनके रक्त समूह का मेल न होना प्रमुख बाधाओं में से एक था। हालांकि, सावधानीपूर्वक योजना और दवा के इस्तेमाल से डॉक्टरों को न केवल प्रत्यारोपण सर्जरी करने में मदद मिली, बल्कि प्राप्तकर्ता के शरीर द्वारा अंग अस्वीकृति को भी रोकने में मदद मिली, जो ऐसे मामलों में एक बड़ी चिंता का विषय है। पुणे के मणिपाल अस्पताल में उनकी बानर शाखा में प्रत्यारोपण हुआ। 2015 में महिला को सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस (एक ऑटो-इम्यून बीमारी) और ल्यूपस नेफ्राइटिस (एक किडनी रोग) का पता चला था। इसके अलावा, पांच अलग-अलग प्रकार की दवाओं की कोशिश करने के बावजूद महिला में उच्च रक्तचाप अनियंत्रित रहा। 2020 में, हर्पीज जोस्टर और मधुमेह की शुरुआत के साथ महिला की सेहत और खराब हो गई। हर्पीज जोस्टर एक वायरल संक्रमण है जो त्वचा पर दर्दनाक दाने या छाले के प्रकोप का कारण बनता है। अप्रैल 2021 तक, उनमें किडनी फेलियर के शुरुआती लक्षण विकसित हो गए थे, जो तेजी से बढ़ता गया, जिसका समापन 2023 तक डायलिसिस की आवश्यकता के रूप में हुआ। जैसे-जैसे उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ती गई, डॉक्टरों ने तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी। यह तब हुआ जब उनके पति (43) ने अपनी एक किडनी दान करने की पेशकश की। जब दंपति के खून की जांच की गई, तो पाया गया कि पति का ब्लड ग्रुप। पॉजिटिव था, जबकि पत्नी का। पॉजिटिव था। इसके अलावा, पति को ट्रिपल रीनल आर्टरीज थी ट्रांसप्लांट करने वाले डॉक्टरों में से एक यूरोलॉजिस्ट डॉ. आनंद धरस्कर ने कहा, इस मामले में ट्रांसप्लांट करना जटिल था क्योंकि डोनर के पास तीन रीनल आर्टरीज थीं, जबकि प्राप्तकर्ता के पास केवल एक थी। डोनर के मामले में तीनों धमनियों को सिलना मुश्किल था। इसलिए, हमने किडनी निकालने के लिए लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की, जो कम आक्रामक है, जल्दी ठीक होती है और डोनर के लिए कॉस्मेटिक रूप से अधिक बेहतर है। केवल एक धमनी के साथ प्राप्तकर्ता में किडनी ट्रांसप्लांट करना भी उतना ही कठिन था, जिसमें उचित रक्त प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए सटीक संवहनी पुनर्निर्माण की आवश्यकता थी।

## प्रतिबंधित दवा ट्रामाडोल बनाने का पर्दाफाश

**अहमदाबाद:** फार्मा कंपनी में अवैध रूप से प्रतिबंधित दवा ट्रामाडोल बनाने का पर्दाफाश हुआ है। गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने दाहेज में एक दवा प्रतिष्ठान से 1,410 लीटर अवैध तरल ट्रामाडोल जब्त किया। जब्त किए स्टॉक की बाजारी कीमत 31.02 करोड़ बताई गई। दो आरोपियों पंकज राजपूत और निखिल कपूरिया को किया है। एटीएस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि भरूच जिले के दाहेज में जोलवा जीआईडीसी के अंदर स्थित एक फार्मास्युटिकल इकाई में गुप्त रूप से ट्रामाडोल का निर्माण किया जा रहा है। इस पर टीम ने आपरेशन चलाया और मौके से फार्मास्युटिकल कंपनी के मुख्य संचालक पंकज राजपूत और और निखिल कपूरिया को गिरफ्तार कर लिया।




## मैनकाइंड फार्मा करेगी भारत सीरम एंड वैक्सीन्स का अधिग्रहण

**मुंबई:** मैनकाइंड फार्मा कंपनी भारत सीरम एंड वैक्सीन्स (बीएसवी) में सौ फीसदी हिस्सेदारी हासिल करेगी। इसके लिए 13,630 करोड़ में अधिग्रहण करने का निश्चित समझौता किया है। कंपनी ने कहा कि वह निजी इक्विटी निवेशक एडवेंट इंटरनेशनल से करीब 13,630 करोड़ रुपये में भारत सीरम और वैक्सीन का पूर्ण अधिग्रहण करेगी।




## छत्तीसगढ़ के एम्स रायपुर में कार्डियक कैथीटेराइजेशन प्रयोगशाला का उद्घाटन किया

**रायपुर:** प्राप्त समाचार के अनूसार केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने छत्तीसगढ़ के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में एक नई कार्डियक कैथीटेराइजेशन प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। एम्स रायपुर , जिसमें केवल एक कैथ लैब थी जो प्रति सप्ताह लगभग 25 से 30 एंजियोग्राफी करती थी, अब इस अत्याधुनिक सुविधा से लैस है और उम्मीद है कि इससे ऐसी प्रक्रियाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी , अस्पताल द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है। दूसरी लैब न केवल रोगी के प्रतीक्षा समय को कम करेगी बल्कि समय पर और कुशल हृदय देखभाल प्रदान करने की अस्पताल की क्षमता को भी बढ़ाएगी।

नई लैब डीएम (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) कार्डियोलॉजी कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण मैदान के रूप में भी काम करेगी, जो अत्यधिक कुशल हृदय रोग विशेषज्ञों की एक नई पीढ़ी को बढ़ावा देगी, इसमें कहा गया है। केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री, जिनके साथ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी थे, ने आपातकालीन शिशु रोग विभाग , ट्रॉमा और आपातकाल. ीन विभाग और आयुष विभाग सहित प्रमुख विभागों का भी दौरा किया।

### अगस्त एवं सितंबर माह के व्रत एवं त्यौहार

| | |
|---|---|
| 24.08.2024 | हरिछटिपूजा |
| 26.08.2024 | श्रीकृष्णजन्माष्टमी |
| 03.09.2024 | स्नानादि अमावस्या |
| 05.09.2024 | शिक्षकदिवस |
| 08.09.2024 | वि. साक्षरतादिवस |
| 14.09.2024 | एकादशी |
| 18.09.2024 | विदेशों में चन्द्रग्रहण |
| 18.09.2024 | प्रतिपदा का श्राद्ध |




4 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100118703, IFSC Code - PUNB0145020 जो कि फार्मा दर्पण के नाम से है, में रू० 500/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 7037629158 पर SMS कर दें।




## India waives clinical trial requirement for drugs approved in developed markets

**New Delhi:** The government has done away with the requirement of clinical investigation for new drugs having significant therapeutic advance over the current standard care and have already got the regulatory approval in the US, UK, Japan, Australia, Canada or the European Union. Clinical trial waivers will also be considered for new drugs for rare diseases, drugs used in pandemic situations or for special defence purposes, and gene and cellular therapy products that are approved in these developed markets, the Central Drugs Standard Control Organisation (CDSCO) said in a circular on Wednesday. The decision is aimed at speeding up the availability of new drugs and medical devices in the country.

As reported by ET last week, India had previously given such waivers only for drugs and medical devices that have got regulatory clearance in the US, UK, Australia, Canada and Japan. Now the local drug regulator added the EU also to the list, people in the know told ET. Addition of the EU for the clinical trial waiver has been under consideration since 2018 when, during a meeting of the India-EU subcommission on trade, EU officials raised the issue. After this, a proposal to include the EU for medical devices was sent to the health ministry. However, it was referred back to the CDSCO for critical review in the context of updated rules and recent notifications. The ministry also asked for deliberations in consultation with the Drug Technical Advisory Board for a fresh proposal.




## मोटापा और वसायुक्त भोजन स्वस्थ और समृद्ध भारत के लिए खतरा

**नई दिल्ली:** सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, स्क्रीन टाइम, गतिहीन आदतें और अस्वास्थ्यकर भोजन न केवल मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों के जोखिम को बढ़ाते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 ने चेतावनी दी है कि भारत की कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में अत्यधिक प्रचलित इन जीवनशैली से जुड़े कारकों का घातक मिश्रण देश की आर्थिक क्षमता के लिए भी खतरा पैदा करता है। सर्वेक्षण में कहा गया है, भारत की कामकाजी आयु वर्ग की आबादी को लाभकारी रोजगार पाने के लिए, उन्हें कौशल और अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता है। साथ ही कहा गया है कि निजी क्षेत्र ने आदतों के इस जहरीले मिश्रण में पर्याप्त योगदान दिया है। सर्वेक्षण में भारतीय व्यवसायों को पारंपरिक जीवनशैली और व्यंजनों को अपनाने की सलाह दी गई है। सर्वेक्षण में कहा गया है, ष्भारत की पारंपरिक जीवनशैली, भोजन और व्यंजनों ने दिखाया है कि कैसे स्वस्थ तरीके से और प्रकृति और पर्यावरण के साथ सामंजस्य बिठाकर रहा जाए...भारतीय व्यवसायों के लिए उन्हें अपनाना व्यावसायिक रूप से समझदारी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा भारतीयों के लिए प्रकाशित नवीनतम आहार संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार, भारत में लगभग 56 प्रतिशत रोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण हैं। सर्वेक्षण में इस डेटा का हवाला दिया गया है।

## नेपाल में भारत की अनुदान सहायता से निर्मित अस्पताल वार्ड भवन का उद्घाटन किया

**काठमांडू:** नेपाल के कावरेपालनचौक जिले में भारत सरकार की अनुदान सहायता से निर्मित एक अस्पताल वार्ड भवन का उद्घाटन किया गया, अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। धुलीखेल अस्पताल के वार्ड भवन का उद्घाटन यहां भारतीय दूतावास के प्रथम सचिव अविनाश कुमार सिंह ने किया। समारोह में धुलीखेल नगर पालिका के मेयर और अन्य सरकारी अधिकारी भी शामिल हुए। भारतीय दूतावास की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भवन के निर्माण के लिए नेपाल-भारत विकास सहयोग से धन जुटाया गया था।




## एम्स के डॉक्टरों ने की अपील, समाज में अंग और ऊतक दान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की जरूरत

**नई दिल्ली:** एम्स नई दिल्ली में मृतक अंग और ऊतक दान गतिविधियों के लिए नोडल सुविधा ऑर्गन रिट्रीवल बैंकिंग ऑर्गनाइजेशन (ओआरबीओ) ने आज अंग और ऊतक दानकर्ताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए दाता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। एम्स नई दिल्ली में त्वचा विज्ञान और वेनेरोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर कौशल कुमार वर्मा ने कहा, हर साल, हम अंगों और ऊतकों की अनुपलब्धता के कारण अंतिम चरण के अंग विफलता के कारण बड़ी संख्या में रोगियों को खो देते हैं। हमें मिथकों और भय को दूर करना चाहिए और समाज में अंग और ऊतक दान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए। उन्होंने दुख की घड़ी में इतने सारे लोगों की जान बचाने के नेक काम के लिए दानकर्ताओं और उनके परिवारों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। यह दाता परिवारों, प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और समारोह में उपस्थित सभी लोगों के लिए एक भावनात्मक क्षण था। 2.5 वर्षीय बच्चे के दादा-दादी, जिनके पास सबसे कम उम्र का दिल था, भी कई दाता परिवारों के साथ मौजूद थे। हमें अभी भी अपनी छोटी दिव्यांशी की याद आती है, जिसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था, वह हमारे घर की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गई थी। हम उन अन्य लोगों से अपील करते हैं, जिन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया है, उनके परिवार इस पहल के लिए आगे आएं। दिव्यांशी के परिवार ने कहा। अंग और ऊतक दान को बढ़ावा देने के लिए, ORBO ने आम जनता और चिकित्सा पेशेवरों के बीच बड़े पैमाने पर अंग और ऊतक प्रतिज्ञा अभियान और जागरूकता अभियान चलाए थे।







## नशे की दवाओं की खरीद-फरोख्त करता कारोबारी दबोचा, किराये के कमरे से चला रहा था धंधा

**सिरमौर (हप्र):** नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त करता कारोबारी दबोचा गया है। कालाअंब पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं की खेप सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी यह अवैध धंधा किराये के कमरे में कर रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हरपाल सिंह (39) मूल निवासी हरियाणा किराए के मकान में रहकर प्रतिबंधित नशीली दवाइयों/ गोलियों की खरीद-फरोख्त का धंधा करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने पीपल वाला बिक्रमबाग क्षेत्र में आरोपी हरपाल सिंह के किराये के कमरे पर दबिश दी और उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के किराये के कमरे से दो काले रंग की पॉलीथीन बरामद हुई। इनमें एक पॉलीथीन के अंदर से 9 पत्ते प्रतिबंधित नशीली गोलियां के बरामद हुए। इनके बैच नंबर हरे रंग से मिटाए हुए थे। वहीं, दूसरे पॉलीथीन लिफाफे से पुलिस ने 42 पत्ते की कुल 420 गोलियां बरामद की।

## मेडिकल स्टोरों पर की छापेमारी, सात दवाओं के सैंपल लिए

**मीरगंज/शीशगढ़ (बरेली):** प्राप्त समाचार के अनुसार मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी का मामला सामने आया है। जांच के दौरान सात दवाओं के सैंपल लिए हैं और इन्हें जांच के लिए लैब में भेजा है। औषधि निरीक्षक की टीम ने शीशगढ़ के मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। टीम ने भारत मेडिकल स्टोर से सात जीवनरक्षक संदिग्ध दवाओं के सैंपल लिए और इन्हें लखनऊ प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा है। बिना बिल की दवाओं की बिक्री करने पर रोक लगा दी गई है। औषधि निरीक्षक अनामिका अंकुर जैन, राजेश कुमार की टीम करीब तीन घंटे तक जांच में जुटी रही। छापेमारी की सूचना मिलते ही कुछ मेडिकल संचालक अपनी दुकानें बंद कर भाग गए। औषधि निरीक्षक बरेली राजेश कुमार ने बताया कि बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोरों पर छापेमार कार्यवाही जारी रहेगी।













## ब्रिटेन की एनएचएस ने पश्चिम बंगाल के अस्पतालों से दूरस्थ नवजात देखभाल तकनीक उधार ली

**कोलकाता:** ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस), जो दुनिया भर में सबसे सफल स्वास्थ्य सेवाओं में से एक है, जिसे देखभाल के उच्च मानक और वहनीयता के लिए जाना जाता है, ने बंगाल के अस्पतालों से प्रेरणा ली है, कोलकाता के एक डॉक्टर की बदौलत, जिनके राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों में काम करने के अनुभव ने अब कैम्ब्रिज, इंग्लैंड के एक अस्पताल द्वारा संचालित दूरस्थ नवजात देखभाल के लिए एक उपयोगी प्रयोग का आधार बनाया है। एनएचएस, जो पहले से ही लोकेंट्स नामक प्रणाली को निधि देता है, ने अगले वर्ष इस योजना को निधि देने पर सहमति व्यक्त की है। पश्चिमी और दक्षिणी भारत के कुछ अस्पतालों में जल्द ही लोकेंट्स की शुरुआत की जा सकती है। कोलकाता के रहने वाले अरुणव धर, जो आरजी कर मेडिकल कॉलेज से 2000 बैच के एमबीबीएस हैं और जिन्होंने यूके में इस प्रणाली की शुरुआत की थी, ने कहा कि राज्य के अस्पतालों में इस प्रणाली को शुरू करने के लिए बंगाल सरकार के साथ बातचीत चल रही है। हम यहां स्वास्थ्य अधिकारियों से बात कर रहे हैं ताकि कोलकाता और बंगाल के अस्पतालों में इस प्रणाली को लागू किया जा सके, धर ने कोल. काता में 'मेड-फ्यूजन ख्र ब्रिजिंग ईस्ट एंड वेस्ट इन हेल्थकेयर एक्सीलेंस' नामक एक संगोष्ठी में कहा। 2010 में यूके चले जाने के बाद, धर ने लंदन में रहने वाले एक अन्य कोलकातावासी – तकनीकी विशेषज्ञ रणदीप चटर्जी, जो एक सीरियल उद्यमी और एआई विशेषज्ञ हैं – के साथ मिलकर तकनीक विकसित की और एक दूरस्थ नवजात देखभाल प्रणाली के लिए धन सुरक्षित किया, जिससे अब कैम्ब्रिज और पूर्वी यूके के एक बड़े क्षेत्र में हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। यह प्रयोग पिछले साल कैम्ब्रिज के एडेनब्रुक अस्पताल में शुरू किया गया था। यह वास्तविक समय में दूरस्थ ऑनलाइन परामर्श पर आधारित है और इसमें एडेनब्रुक और पूर्वी ब्रिटेन के चार छोटे अस्पतालों के विशेषज्ञों के बीच ऑनलाइन वीडियो इंटरफेस शामिल हैं। इसे अगले महीने 17 अस्पतालों तक विस्तारित किया जाएगा । लोकेंट्स, यूके में NHS द्वारा अपनाई जाने वाली प्रणाली, आरजी कर मेडिकल कॉलेज से 2000 बैच के एमबीबीएस अरुणव धर और तकनीकी विशेषज्ञ रणदीप चटर्जी द्वारा विकसित हार्डवेयर और परिष्कृत सॉफ्टवेयर पर काम करती है। बेलघरिया से आने वाले धर ने कहा, छोटे केंद्रों में एक कैमरा लगा हुआ लोकेंट्स कार्ड है जो एक तरफ 360 डिग्री और दूसरी तरफ 270 डिग्री घूम सकता है। यह बच्चे का व्यापक दृश्य प्रस्तुत करता है... यह हमें स्थानीय डॉक्टरों और नर्सों को निर्देश देने की अनुमति देता है जो हमारी वास्तविक समय की निगरानी में कैमरे पर काम कर सकते हैं। इस प्रणाली ने उन बच्चों की संख्या को पाँचवें हिस्से तक कम कर दिया है जिन्हें अस्पताल ले जाना पड़ता है।






## उदयपुर में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल से एमबी अस्पताल में सेवाएं प्रभावित

**उदयपुर:** प्राप्त समाचार के अनुसार अस्पताल प्रशासन के खिलाफ रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल के कारण उदयपुर के संभाग के सबसे बड़े एमबी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। हड़ताल में 650 रेजिडेंट डॉक्टर शामिल थे, इसलिए वरिष्ठ डॉक्टरों को कार्यभार संभालना पड़ा। हालांकि, मरीजों की भारी भीड़ के कारण ओपीडी के बाहर लंबी कतारें लग गईं, जबकि मेडिसिन और अन्य विभागों में मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। वरिष्ठ डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद, उनकी सीमित संख्या मरीजों के बोझ को संभालने के लिए अपर्याप्त थी, जिसके परिणामस्वरूप चिकित्सा सहायता लेने वालों को असुविधा हुई। उदयपुर रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने पूर्ण कार्य बहिष्कार का आह्वान किया, जिसके चलते सभी रेजिडेंट डॉक्टर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए अस्पताल के मुख्य बरामदे में एकत्र हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक निनामा और महासचिव डॉ. जतिन प्रजापति ने कहा कि एमबी अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर पिछले एक साल से अपने वजीफे, वेतन, एचआरए और बकाया के अनियमित भुगतान का सामना कर रहे हैं। प्रशासन को कई बार सूचित करने के बावजूद उनके रवैये में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी समस्याएं उदयपुर तक ही सीमित हैं और राजस्थान के अन्य हिस्सों के विपरीत इनका समाधान नहीं हो पाया है। रेजिडेंट डॉक्टरों की अचानक हड़ताल के कारण कई ऑपरेशन स्थगित हो गए, जबकि कई मरीजों को नई तारीखें दी गईं। हड़ताल की अवधि अनिश्चित बनी हुई है, क्योंकि रेजिडेंट डॉक्टरों ने घोषणा की है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे काम पर नहीं लौटेंगे। इंटर्न डॉक्टर भी रेजिडेंट डॉक्टरों के साथ आ गए हैं और उनका मानना है कि रेजिडेंट डॉक्टरों के सामने आने वाली समस्याएं भविष्य में भी उन्हें प्रभावित कर सकती हैं।

## स्किन क्लीनिकों पर छापेमारी 3 फर्जी डॉक्टर अरेस्ट

**हैदराबाद:** स्किन क्लीनिकों पर छापेमारी के दौरान तीन फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई तेलंगाना मेडिकल काउंसिल ने जुबली हिल्स, बंजारा हिल्स, माधापुर, हाईटेक सिटी, कुकटपल्ली और मियापुर में की। टीम ने त्वचा, लेजर, बाल और कॉस्मेटोलॉजी के लिए समर्पित 40 केंद्रों पर काम करने वाले डॉक्टरों के सत्यापन जांचे और तीन फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, 20 केंद्र योग्य त्वचा विशेषज्ञों, प्लास्टिक सर्जनों या जिला पंजीकरण प्राधिकरण से जरूरी अनुम. ति के बिना संचालित पाए गए। कुछ केंद्रों पर डेंटल, आयुर्वेदिक और होम्योपैथी चिकित्सक कार्यरत थे जो अपनी योग्यता से परे लेजर का उपयोग कर रहे थे। अयोग्य चिकित्सकों को नोटिस जारी किए गए हैं। टीजीएमसी के उपाध्यक्ष डॉ. जी. श्रीनिवास ने कहा कि केवल एमबीबीएस, एमडी त्वचा विज्ञान या एमसीएच प्लास्टिक सर्जरी योग्यता वाले डॉक्टरों को ही हेयर ट्रांसप्लांटेशन जैसे कॉस्मेटिक उपचार करने चाहिए। उन्होंने बताया कि 200 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं, जबकि वास्तविक घटनाएं 10 गुना ज्यादा होने की संभावना है। उन्होंने इन प्रक्रियाओं को करने वाले अयोग्य व्यक्तियों के हानिकारक प्रभावों को रेखांकित किया। इसमें अपर्याप्त एसेप्टिक सावधानियों के कारण दवा प्रतिक्रिया, रासायनिक जलन और सेप्सिस शामिल हैं। बताया गया कि करीब 70 प्रतिशत क्लीनिक गैर-डॉक्टरों और दंत चिकित्सकों द्वारा चलाए जा रहे हैं और अनधिकृत प्रमाणपत्रों के साथ सौंदर्य संबंधी प्रक्रियाएं कर रहे हैं।










## सस्ती टीबी रोधी दवा निर्माण का रास्ता खुला, होगा लाभ

**नई दिल्ली:** देश में सस्ती टीबी रोधी दवा के निर्माण का रास्ता खुल गया है। इससे बाल रोगियों को लाभ मिल पाएगा। दरअसल, भारतीय पेटेंट कार्यालय ने जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) के तपेदिक रोधी (टीबी) दवा, बेडाक्विलिन के बाल चिकित्सा संस्करण के आवेदन को अस्वीकार कर दिया है। इससे लागत प्रभावी टीबी उपचार तक पहुंच पर व्यापक प्रभाव पडने की संभावना है। बता दें कि दो बार टीबी से बचे गणेश आचार्य ने अन्य नागरिक समाज समूहों और बचे लोगों के साथ मिलकर एक याचिका दायर की थी। 2020 में उन्होंने पेटेंट को चुनौती दी, जिसका विरोध नहीं किया गया। गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित दवा प्रतिरोधी टीबी के लिए बेडाक्विलिन एक प्रमुख इलाज है। पिछले साल, पेटेंट कार्यालय ने जुलाई 2023 में प्राथमिक पेटेंट की समाप्ति से परे वयस्कों के इलाज के लिए बेडाक्विलिन पर भारत में अपना एकाधिकार बढ़ाने के अमेरिकी फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन के प्रयास को भी खारिज कर दिया था। यदि प्राथमिक पेटेंट की समाप्ति के बाद दूसरा पेटेंट दिया जाता, तो इससे दवा पर कंपनी का बाजार नियंत्रण बढ़ जाता।

## अस्पताल की लापरवाही से हुई मरीज की मौत

**रायपुर:** अस्पताल की लापरवाही से मरीज की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इसके चलते पंडरी स्थित इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है। गौरतलब है कि अस्पताल में मरीज की मौत होने पर उसके परिजनों ने बवाल कर दिया था। इस मामले में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जांच कमेटी गठित की। जांच रिपोर्ट में अस्पताल की लापरवाही सामने आई, जिसके बाद इंदिरा आईवीएफ अस्पताल का लाइसेंस दो माह के लिए सस्पेंड कर अस्पताल को सील कर दिया है। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि जांच रिपोर्ट में पता चला है कि अस्पताल में ऑपरेशन के लिए पर्याप्त सेटअप नहीं थे। हॉस्पिटल की इस लापरवाही के चलते ही सील किया गया है। गौरतलब है कि अस्पताल में मृत मरीज का इलाज किया जा रहा था। मरीज की मौत के बाद दूसरे हॉस्पिटल में रैफर किया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति को गठित की गई थी। गंभीर लापरवाही उजागर होने के बाद अस्पताल पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई गई है।
















## दवा की एक्सपायरी क्लेम के लिए समय सीमा हटाने की मांग

**मेरठ:** प्राप्त समाचार के अनुसार दवा की एक्सपायरी क्लेम के लिए समय सीमा हटाने की मांग उठाई है। बोम्बे बाजार स्थित चौंबर ऑफ कॉमर्स में उत्तर प्रदेश दवा व्यापार संघर्ष समिति के सम्मेलन के दौरान यह मांग उठाई गई। बता दें कि इस सम्मेलन में प्रदेश के के अलावा अन्य राज्यों से भी दवा व्यापारी शामिल हुए। इस मौके पर समिति संस्थापक गोपाल अग्रवाल ने कहा कि दवा व्यापारियों को एकजुट कर उनकी समस्याएं दूर की जाएंगी। उन्होंने कहा कि एक्सपायरी दवाओं के क्लेम के लिए समय सीमा समाप्त की जानी चाहिए। इसके साथ डाक्टरों को दवाओं की सीधी सप्लाई नहीं होनी चाहिए। कंपनियां अपनी मर्जी से माल न भेजकर व्यापारी के ऑर्डर पर सप्लाई करें और ऑनलाइन दवा की बिक्री बंद की जाए। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे वाराणसी के कारोबारी रमेश महेश्वरी ने कहा कि मरीजों की सेवा में दवा व्यापारियों का भी बड़ा योगदान है। सुधीर चौधरी ने कहा कि दवा निर्माता अपने लाभ के लालच में बाजार के सामने परेशानियां बढ़ा रहे हैं। दवा के प्रमोशन के लिए कंपनियां सीधे डॉक्टर से दवाएं लिखवाती हैं।




नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा कला ज्योति एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के० पी० रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक – ब्रजेश कुमार गर्ग